

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक



रांची, सोमवार, 28 जुलाई 2025

संवत 2082, श्रावण शुक्ल 4 संवत मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 324, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ विवादास्पद राज्यपाल व उपराष्ट्रपति धनखड़

कैजुअल लुक में भी दिल जीतता दिखा कपल ◂◂ 6


# जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन महादेव, तीन आतंकी ढेर

## पहलगाम हमले से जुड़े होने की खबर, लिडवास में एनकाउंटर जारी

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर में सेना ने बड़ी कार्रवाई की है। भारतीय सेना की चिनार कोर ने जम्मू-कश्मीर के लिडवास क्षेत्र में तीन आतंकियों को मार गिराया है। स्थानीय लोगों ने यह दावा किया है। हालांकि अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर जिले के हरवन इलाके में सेना का ऑपरेशन महादेव जारी है। जानकारी के अनुसार, सोमवार को एक कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन के दौरान गोलीबारी की आवाजें सुनाई दीं। यह ऑपरेशन जंगल क्षेत्र में चल रहा है, जहां संदिग्ध आतंकियों की गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने घेराबंदी की।



प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, श्रीनगर जिले के हरवन इलाके में सेना ने आतंकियों को घेर लिया। गोलीबारी में तीन आतंकी मारे गए हैं। जबकि दो आतंकियों के घायल होने की खबर है। अभी और आतंकी जंगल में घिरे हो सकते हैं। हालांकि अभी तक आतंकियों के मारे जाने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

सूत्रों का कहना है कि मारे गए आतंकी पहलगाम हमले से जुड़े हो सकते हैं। इससे पहले, श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया है। लिडवास के सामान्य क्षेत्र में संपर्क स्थापित हो गया है। ऑपरेशन महादेव ऑपरेशन जारी है।

इस अभियान में 50 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर), 24 आरआर, श्रीनगर पुलिस और सीआरपीएफ की टीमें शामिल हैं। शुरूआती जानकारी के अनुसार, इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की आशंका है, जिससे माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

# संजय सेठ को जान से मारने की धमकी देने वाला धनबाद से गिरफ्तार

**रांची:** भारत के रक्षा राज्य मंत्री सह रांची से भाजपा सांसद संजय सेठ को फोन पर जान से मारने की धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार कर लिया गया है। झारखंड के धनबाद जिला से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा इस बात की पुष्टि की गयी है।

धनबाद के हरिहरपुर के रहने वाले नित्यानंद पाल को रांची पुलिस ने सुरक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को धमकी देने के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। नित्यानंद पाल की गिरफ्तारी की पुष्टि रांची पुलिस के द्वारा की गई है।

यह मामला संज्ञान में आने के बाद डीआईजी सह एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा ने एक टीम का गठन कर भारत के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को धमकी देने वाले आरोपी की तलाश में लगाया था।




टेक्निकल टीम की मदद से मिले साक्ष्य के आधार पर नित्यानंद पाल को धनबाद से गिरफ्तार किया गया है। रांची पुलिस की टीम नित्यानंद पाल को धनबाद से गिरफ्तार कर रांची ला रही है। जिसके बाद पुलिस इस कांड का खुलासा करेगी।

**क्या है पूरा मामला:** बता दें कि जब केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कश्मीर में थे उसी दौरान उनके फोन पर पांच बार कॉल कर जान से मारने की धमकी दी गई थी। हर बार फोन करने वाला व्यक्ति उन्हें जान से मारने की धमकी दिया करता था। उस दौरान रक्षा राज्य मंत्री ने झारखंड के डीजीपी को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद झारखंड पुलिस ने टेक्निकल टीम की मदद से फोन करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी की है।

रांची पुलिस के वरीय अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसने रक्षा राज्य मंत्री को फोन पर धमकी क्यों दी उसका इरादा क्या था यह सब बातें पूछताछ के बाद सामने आएंगी। पूरे मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रांची पुलिस के द्वारा पूरी जानकारी दी जाएगी। इसके बाद पूरे मामले का पटाक्षेप हो जाएगा।

## बिहार के सासाराम में पागल कुत्ते की वजह से भगदड़ जैसे हालात, डेढ़ घंटे के अंदर 50 लोगों को काटा



**पटना:** बिहार के सासाराम जिले में नासरीगंज प्रखंड के अतिमीगंज, जमालपुर व हरिहरगंज में एक पागल कुत्ते के आतंक से स्थानीय लोगों में भय का माहौल व्याप्त हो गया था। रविवार सुबह पागल कुत्ते ने डेढ़ घंटे में लगभग 50 लोगों को काट लिया। इस दौरान कई मवेशी भी कुत्ते के शिकार हुए। कुत्ते के आतंक से भगदड़ जैसे हालात बन गए थे। आखिर में गुस्साए ग्रामीणों ने कुत्ते को घेर कर मार डाला। बताया जाता है कि रविवार सुबह एक पागल कुत्ते के आतंक से लोग खौफजदा हो गए। देखते ही देखते कुत्ते ने लगभग 50 लोगों को काट लिया। कुत्ते के आतंक से लोग इधर-उधर भागने लगे। कुछ देर के लिए भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। आतंक को देखते हुए हरिहरगंज वार्ड संख्या 14 के युवकों ने कुत्ते को घेर कर मार डाला। स्थानीय लोगों ने बताया कि रविवार सुबह पांच बजे पागल कुत्ते ने सुबह टहलने के लिए निकले अतमिगंज के ग्रामीणों पर हमला करना शुरू किया। उन्होंने बताया कि सड़क पर जो भी दिखाई देता, कुत्ता उसे अपना शिकार बनाते गया। किसी को गला तो किसी के पैर व हाथ पर कुत्ते ने काट लिया। घायलों को प्राथमिक उपचार करने के बाद एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया गया। दोपहर तक पीएचसी में ग्रामीणों की भीड़ इंजेक्शन लेने के लिए लगी रही। पीएचसी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ। एनके आर्या ने बताया कि अतिमीगंज, जमालपुर, हरिहरगंज और नासरीगंज के दर्जनों ग्रामीणों को रैबीज इंजेक्शन लगाया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत समाजसेवी भी अस्पताल पहुंचे। मौके पर समाजसेवी श्यामुल हक, बीस सूत्री अध्यक्ष डॉ। अमरेंद्र कुमार, वार्ड पार्षद शमशाद अहमद परसवी, प्रतिनिधि बबन कुमार सिंह, सुभाष चौधरी, अजमेरी कुरैशी, नपं कर्मी रामबाबू कुमार, धीरज कुमार व अन्य उपस्थित थे। मुख्य पार्षद शबनम आरा ने बताया कि वर्तमान संकट को देखते हुए नगर प्रशासन ने अहम फैसला लिया है। जिसके तहत नगर के आवारा कुत्तों को पकड़ कर वन विभाग के हवाले किया जाएगा। कुत्ते पकड़ने का अभियान जल्द शुरू किया जाएगा।

### कैसे पता चला कि पहलगाम आतंकी पाकिस्तान से आये थे, चिदंबरम बोले-

# एनआईए के पास सबूत नहीं हमलावर देश के भी तो हो सकते हैं

**नई दिल्ली:** पहलगाम के आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के बयान ने सियासत में भूचाल ला दिया है। चिदंबरम ने कहा है कि पहलगाम के आतंकवादी पाकिस्तान से आये थे, इसका कोई सबूत नहीं है। चिदंबरम के इस बयान के बाद भाजपा समेत विभिन्न दलों के नेताओं ने कांग्रेस पार्टी पर बड़ा हमला बोला है।

चिदंबरम ने एक इंटरव्यू में कहा, वे (एनआईए) यह बताने को तैयार नहीं हैं कि इन हफ्तों में उन्होंने क्या किया? क्या एनआईए ने आतंकवादियों की पहचान की है या यह पता लगाया है कि वे कहां से आए थे? क्या पता, वे देश के ही आतंकवादी हों। आप यह क्यों मान रहे हैं कि वे पाकिस्तान से आए थे। इसका कोई सबूत नहीं है। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के पहलगाम आतंकवादियों पर दिए गए कथित बयान पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा, अगर आतंकवादी पाकिस्तान से आए थे, तो हमारी सीमाएं कैसे सुरक्षित हैं? वे आए, वारदात को अंजाम दिया और चले गए। हम पूछेंगे कि क्या उन्हें एयरलिफ्ट किया गया और एयरड्रॉप किया गया, वे कहां से आए और कहां गए। हमें जानने का अधिकार है। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के पहलगाम आतंकियों पर दिए गए कथित बयान पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा- सवाल सीधा है, हम जानना चाहते हैं कि वो आतंकी कहां हैं जिन्होंने हमारी 26 बहनों के पतियों की हत्या की।



भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा- कांग्रेस अब गद्दार संगठन बन चुकी है। आज जो कांग्रेस अपनी आजादी की लड़ाई में भागीदारी पर गर्व करती है, उसकी क्या हैसियत रह गई है। राहुल गांधी चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर करते हैं। इनके ऊपर भारी भ्रष्टाचार के आरोप हैं। इन्होंने देश को बेचने की ठान ली थी, लेकिन बीच में प्रधानमंत्री मोदी आ गए। अब ये मजबूत नेतृत्व पचा नहीं पा रहे हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा से पहले ही लोकसभा की कार्यवाही स्थगित

**नई दिल्ली:** लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही बिहार वोटर लिस्ट पर विपक्ष का हंगामा होने लगा। आज ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा का दिन है। लेकिन विपक्ष के हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की शुरूआत होने से पहले ही सदन में जोरदार हंगामा हुआ है। सदन की शांत कराने की कोशिश करते हुए स्पीकर ओम बिरला ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हंगामा करने वालों को समझाइए कि इन्हें सदन में पर्चे फेंकने और तख्तियां लाने के लिए नहीं भेजा गया है। ऑपरेशन सिंदूर पर पी चिदंबरम के बयान पर बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा, जब भी पाकिस्तान और आतंकवाद की बात होती है, तो पाकिस्तान भी अपनी उतनी वकालत नहीं करता जितना राहुल गांधी वाली कांग्रेस करती है, ऐसी क्या मजबूरी है कि कांग्रेस को पाकिस्तान का पक्ष लेना पड़ रहा है? एक पूर्व गृह मंत्री का ऐसा बयान कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता है। वहीं, ऑपरेशन सिंदूर को लेकर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में पाकिस्तान पर जोरदार निशाना साधा है। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर पर आज से चर्चा शुरू,जब रावण ने लक्ष्मण रेखा पार की, तो लंका जल गई।

### राहुल-अखिलेश पर भड़के निशिकांत दुबे, कहा-

# ये बांग्लादेशी नागरिकों को वोटर बनाना चाहते हैं



**पटना:** बिहार में सर के खिलाफ विपक्ष के विरोध पर बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि क्या राहुल गांधी जानते हैं कि सर क्या होता है?।।। जब प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 21 से 18 साल के युवाओं को वोट देने का अधिकार दिया था, तब उन्होंने विशेष संशोधन की बात कही थी। उन्हें कानून नहीं पता। उनके पिता का कानून पास हो गया है। 1 अगस्त से 1 सितंबर तक जिनके नाम कट गए हैं, उन्हें अपना आवेदन जमा करने का अधिकार है। अभी फाइनल प्रिंट नहीं आया है। चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट नहीं आई है। 1 सितंबर के बाद वोटर लिस्ट जारी होगी। निशिकांत दुबे ने साफ तौर पर कहा कि ये चुनाव बांग्लादेश के नहीं, बल्कि भारत के नागरिकों के वोटर कार्ड पर होगा। ये बांग्लादेशी नागरिकों को यहाँ वोटर बनाना चाहते हैं। ये मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज एक मौलाना अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को कुछ कहता है, लेकिन इन लोगों में मुसलमानों के खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं है। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के इस बयान पर कि पहलगाम के आतंकवादी पाकिस्तान से आए थे, इसका कोई सबूत नहीं है, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस एक देशद्रोही संगठन बन गई है। भाजपा सांसद ने कहा, कांग्रेस एक देशद्रोही संगठन बन गई है। आजादी की लड़ाई में हिस्सा लेने वाली कांग्रेस का क्या वजूद है? राहुल गांधी ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उन पर भ्रष्टाचार के बड़े आरोप हैं। उन्होंने कहा कि मैं अभी पूरा रक्षा सौदा पढ़ रहा था।।। आपको समझना चाहिए कि सेना के लिए तीन दिन का गोला-बारूद भी नहीं था।।। उदाहरण के लिए, अगर वायुसेना के प्रशिक्षण के लिए कोई विमान खरीदना होता, तो कांग्रेस 25 साल तक उस पर कोई फैसला नहीं ले पाती क्योंकि कमीशन और सौदा तय नहीं हो पाता।।। अगर आप राहुल गांधी से लेकर चिदंबरम तक किसी भी चीज के बारे में बयान देते हैं, तो मुझे ऐसा लगता है जैसे आप अपने ही मुँह पर तमाचा मार रहे हैं। राहुल गांधी पर निशिकांत दुबे का वार: ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में बहस से पहले, कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने यह आरोप लगाकर विवाद खड़ा कर दिया है

### सावन की तीसरी सोमवारी

# बासुकीनाथ, आम्रेश्वर धाम सहित विभिन्न शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

**दुमका/खूंटी/सिमडेगा:** सावन माह की तीसरी सोमवारी पर पूरा झारखंड शिवमय नजर आ रहा है। देवघर से लेकर रांची तक भगवा वस्त्र पहने कांवरिया बाबा भोलेनाथ की भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। प्रदेश के सभी शिवालयों में अहले सुबह से ही पूजा पाठ कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

पवित्र सावन माह की तीसरी सोमवारी को दुमका जिला के बासुकीनाथ धाम मंदिर में श्रद्धालुओं का महासैलाब उमड़ पड़ा है। जिसको देखते हुए दुमका जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। बासुकीनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसको लेकर दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा एवं पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार लगातार मेला क्षेत्र में नजर बनाए हुए हैं।

भागलपुर से पहुंच रहे हैं डाक बम: श्रद्धालुओं के प्रवेश एवं विकास द्वार सहित सभी प्वाइंट्स पर मौजूद दंडाधिकारियों और पुलिस टीम को हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं तीसरी सोमवारी को भागलपुर के बरारी स्थित गंगा घाट से हंसडीहा के रास्ते भारी संख्या में डाक बम श्रद्धालु बासुकीनाथ मंदिर पहुंच रहे हैं। जिसको देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। दुमका डीडीसी अनिकेत सचान ने बताया कि बासुकीनाथ धाम आने वाले देवतुल्य श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसका भरपूर ख्याल रखा जा रहा है।

वहीं सावन माह के तीसरी सोमवारी के महत्व को लेकर पंडा धर्म रक्षिणी सभा के अध्यक्ष मनोज पंडा ने बताया कि धर्म ग्रंथों की मान्यता के अनुसार भोलेनाथ को पति रूप में पाने के लिए माता पार्वती ने सावन माह में तपस्या आरंभ किया था। सावन की तीसरी सोमवारी को ही भगवान शिव ने दर्शन देकर माता पार्वती को अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया था। जिसको देखते हुए इस सोमवारी का विशेष महत्व है।



**खूंटी के बाबा आमेश्वर धाम में भक्तों तांता:** सावन माह की तीसरी सोमवारी को लेकर खूंटी जिला के बाबा आमेश्वर धाम में रविवार रात से हो श्रद्धालुओं का जत्था पहुंचने लगा है। देर रात एक बजे से ही श्रद्धालु पेलोल नदी से जल लेकर बाबा आमरेश्वर धाम पहुंचे। इस बीच सोमवारी की पूर्व संध्या पर धाम परिसर स्थित मुख्य मंदिर में भगवान भोले शंकर की भव्य श्रृंगार पूजा की गई। श्रृंगार पूजा में धाम प्रबंध कमेटी के पदाधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। इस दौरान धाम परिसर हर-हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान रहा।

रविवार शाम से ही भक्तों का आना प्रारंभ हो गया। तैयारियों के बाबत धाम प्रबंध कमेटी के महामंत्री मनोज कुमार ने बताया कि रविवार को विभिन्न क्षेत्रों से आए आदिवासी समुदाय के लोगों ने जलाभिषेक किया। उन्होंने बताया कि तीसरी सोमवारी को देखते हुए धाम परिसर में कई तैयारियां की गई हैं। इधर मेला के सफल संचालन में कमेटी के अध्यक्षा लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव्र, महामंत्री मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष संतोष पोददार, रमेश मांझी, कैलाश भगत, श्रीपाल जैन अन्य लोग जुटे हुए हैं।

तीसरी सोमवारी के मद्देनजर मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। विशेषकर शिव मंदिर की सजावट देखते ही बन रही है। मंदिर के अंदर व बाहर आकर्षक ढंग से सजाया गया है। नदी में भक्तों के लिए पर्याप्त मात्रा में बिजली की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा भक्तों की सेवा में कमेटी के पदाधिकारी, एनसीसी के छात्र एवं जिला पुलिस धाम परिसर में तत्पर हैं।

**सिमडेगा पहुंचा कांवरियों का बड़ा जत्था:** सावन की तीसरी सोमवारी के अवसर पर पूरा सिमडेगा शिवमय हो गया है। हर तरफ बस बोल बम और हर हर महादेव के नारे गुंजायमान है। कांवरिया सेवा संघ सिमडेगा के तत्वाधान में सोमवार को करीब 5000 कांवरियों ने 75 किमी दूर वेदव्यास त्रिवेणी संगम नदी से जल उठाकर शिव भजनों में झूमते-नाचते सिमडेगा सरना मंदिर पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

भगवान शिव की भक्ति का यह अद्भुत नजारा सिमडेगा में सोमवार सुबह देखने को मिला। जहां बच्चे, वृद्ध, युवक और युवतियां सभी पड़ोसी राज्य ओडिशा के त्रिवेणी संगम से जल लेकर कांवरिया सेवा संघ सिमडेगा के अध्यक्ष प्रसन्न कुमार सिन्हा उर्फ पिंटू की अगुवाई में सिमडेगा पहुंचे। यहां उन भक्तों ने सरना महादेव का जलाभिषेक किया। वहीं रात्रि विश्राम स्थल टुकूपानी से हजारों कांवरियां एक साथ सोमवार सुबह भगवा वस्त्र पहने हुए शिव भजनों में झूमते सरना मंदिर तक पहुंचे। यहां पूजा अर्चना कर बाबा भोलेनाथ से सुख समृद्धि सहित अन्य मनोकामना पूरी करने की प्रार्थना की। इस दौरान शिवभक्तों ने महादेव को जलार्पण कर उनके प्रिय बिल्व पत्र, सफेद पुष्प, प्रसाद आदि अर्पित किये।

न्यूज IN ब्रीफ

## हर्षोल्लास के साथ मना सावन महोत्सव



**मुरी :** छोटा मुरी रिटायर्डमेंट क्लोनी में हर्षोल्लास के साथ सावन उत्सव मनाया गया। इस उत्सव को मनाने के लिए जगह को आकर्षक ढंग से सजाया गया। इस उत्सव में कॉलोनी की महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगाकर व श्रृंगार कर सावन उत्सव के नाम का केक काटा ।इस अवसर पर सभी ने फिल्मी गानों का लुफ्त उठाया। बच्चे, महिलाएं काफी खुश नजर आयीं। आयोजन कर्ता अमृत लाल ने बताया कि कॉलोनी में लोगों की खुशहाली के लिए बीच-बीच में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। आने वाले महीने में गणेश पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके आयोजन कर्ता मुख्य रूप से रुपेश दास, अमृत लाल,बब्लू सेन, बुल्लू नाथ, मुकेश मंडल, प्रशांत दा,बापी दा, अरूण महिलाओ में बानी, पूजा मानो,पापिया राय,मिनखि,तापसी व अन्य शामिल थे।

## मृतक सीसीएल कर्मी के पुत्र को दिया गया नियुक्ति पत्र




**खलारी:** मोहन नगर निवासी डकरा परियोजना में इपी फिटर के पद पर कार्यरत भजोराम गौड़ (59) का शनिवार शाम को निधन हो गया था। एन के एरिया ट्रेड यूनियन संगठन द्वारा आश्रित को नियुक्त पत्र देने की मांग पर अडे थे सीसीएल प्रबंधन रविवार देर शाम को मृतक भजोराम गौड़ के पुत्र शरत कुमार गौड़ को नियुक्ति पत्र जारी किया गया, जिसे डकरा परियोजना के खान प्रबंधक अशोक कुमार ने दिया। मौके पर क्षेत्रीय कार्मिक पदाधिकारी दीपक कुमार गिरी यूनियन पदाधिकारी प्रेम कुमार, डीपी सिंह, सुनील सिंह, कृष्णा चौहान, पिंटू सिंह, शैलेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार, अरविंद कुमार, देवपाल मुंडा,मुमताज अंसारी, हलीम खान, सुरेंद्र चौहान, दिनेश भर, नारद कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## लंगूर के हमले में स्कूली छात्र सहित 20 लोग घायल, आक्रोशित लोगों ने लंगूर को पकड़कर पीट डाला



बोकारोः जिले में रविवार को बचाव अभियान के दौरान एक लंगूर को कथित तौर पर लोगों के एक समूह ने लाठियों से पीटा। यह लंगूर पूर्व में कम से कम 20 लोगों को घायल कर चुका है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

वन विभाग हमले में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। बोकारो के मंडल वन अधिकारी (डीएफओ) रजनीश कुमार ने बताया, हम लंगूर की पिटाई करने वाले लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने जा रहे हैं। लोगों की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि लंगूर ने पिछले 15 दिनों से बोकारो स्टील सिटी में आतंक फैला रखा है जिससे स्कूली छात्रों सहित कम से कम 20 लोग घायल हो गए हैं। उन्होंने कहा, ह्ललोगों में लंगूर के प्रति गुस्सा था। बचाव अभियान के लिए वन विभाग से संपर्क किया गया था, इसलिए हमने पिछले चार दिनों से लंगूर को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। फिर हमने रांची से एक बचाव दल बुलाया। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान के दौरान वन विभाग के एक कर्मचारी ने लंगूर को पकड़ लिया।

कुमार ने कहा, इसके बाद कुछ लोगों ने अचानक लंगूर को लाठियों से पीटना शुरू कर दिया। हमने किसी तरह लंगूर को बचाया और बोकारो चिड़ियाघर ले गए, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चिड़ियाघर के डॉक्टरों के अनुसार जानवर की हालत स्थिर बताई गई है। कुमार ने कहा कि वह लोगों के गुस्से को समझते हैं, लेकिन उन्हें जानवर को इस तरह पीटने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, हम लोगों की पहचान कर रहे हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पावर ग्रिड में डकैती करने पहुंचे बंगाल के 3 गिरफ्तार

**रांची :** रांची पुलिस ने अंतर राज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गैंग के सदस्यों को पुलिस ने शनिवार को उस समय हथियार के साथ गिरफ्तार किया है, जब वह ओरमांझी के निमार्णाधीन भारत माला प्रोजेक्ट रोड के पास पावर ग्रीड में डकैती करने के लिए पहुंचे थे। पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार अपराधियों में जय प्रकाश पासवान, दिनेश चौधरी और भोला चौधरी शामिल है। तीन आरोपी पश्चिम बंगाल के दुगार्पूर के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से देसी पिस्टल, गोली, मोबाइल के अलावा बिना नंबर प्लेट की स्कार्पियो गाड़ी व तार काटने का कटर और पलास बरामद किया है।

मामले का खुलासा करते हुए डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बिना नंबर प्लेट वाली चार पहिया वाहन में घूम-घूम कर चोरी की घटना को अंजाम दिया करते हैं।

एसएसपी ने बताया कि शनिवार को कुछ अपराधियों के ओरमांझी स्थित पावर ग्रीड की रेकी करने की गुप्त सूचना मिली। जिसके बाद सिल्ली डीएसपी अनूज उरांव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने घेराबंदी कर पावर ग्रीड से कॉपर क्वायल की चोरी करने की योजना बनाकर अपराधियों को पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से पुलिस ने हथियार व गोली के अलावा अन्य चीजें बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है। पूछताछ में पता चला कि इस गैंग के लोगों पर रजरप्पा, गोला आदि जगहों पर कई मामले दर्ज हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने वर्षों से लंबित फैसलों पर दिया दखल

# झारखंड हाईकोर्ट ने 10 कैदियों के मामलों में एक सप्ताह में दिया निर्णय

संवाददाता

**रांची/नई दिल्ली :** झारखंड हाईकोर्ट ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए उन 10 मामलों पर तेजी से फैसला सुनाया, जो वर्षों से लंबित पड़े थे। इनमें छह फांसी की सजा पाए कैदियों की अपील शामिल थीं, जिन पर अदालत ने वर्षों पहले सुनवाई पूरी कर ली थी लेकिन फैसला सुरक्षित रखा गया था। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करने के बाद, हाईकोर्ट ने महज एक सप्ताह के भीतर इन मामलों में फैसले सुनाए।

सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता, मांगी रिपोर्टः 14 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने इन कैदियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड सरकार और हाईकोर्ट से एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने 21 जुलाई को जब दोबारा सुनवाई की, तो उन्हें बताया गया कि हाईकोर्ट ने विभिन्न तारीखों पर सभी मामलों में निर्णय सुना दिए हैं।

कुछ को बरी किया गया, कुछ की अपील खारिजः इनमें से दो उम्रकैद की सजा पाए कैदियों अमित कुमार दास और बसंत कुमार महतो की सजा को झारखंड हाईकोर्ट ने 16 और 18 जुलाई को रद्द कर दिया। हालांकि जहां दास को जेल से रिहा कर दिया गया, वहीं महतो अब भी जेल में है क्योंकि उसका आदेश अपलोड नहीं किया गया था। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह उन्हें तुरंत जमानत पर रिहा करे।

एक अन्य उम्रकैद के कैदी निर्मल भेंगरा की अपील को हाईकोर्ट ने 18 जुलाई को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वे भेंगरा से संपर्क करें और निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराएं ताकि वह आगे की न्यायिक प्रक्रिया में हिस्सा ले सके। फांसी के दोषियों के मामले में भी सुप्रीम कोर्ट सक्रियः फांसी की सजा पाए नितेश साहू की अपील भी खारिज कर दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने उसे भी विधिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं ताकि वह सुप्रीम कोर्ट में अपील या माफी की याचिका दायर कर सके। सनातन बास्की और सुखलाल मुर्मू, जो एक ही मामले में फांसी के दोषी हैं, उनके मामले में हाईकोर्ट ने 17 जुलाई को फैसला सुनाया, लेकिन दो जजों की राय अलग-अलग होने के कारण मामला अब तीसरे जज के पास भेजा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश से आग्रह किया है कि वे इस मामले को प्राथमिकता दें। तीन अन्य फांसी के दोषियों गांधी उरांव, रोहित राय और बंधन उरांव की अपीलें 18 जुलाई को खारिज कर दी गई हैं। इन तीनों को भी विधिक सहायता देकर उच्चतम न्यायालय में अपील दायर करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।




## प्रेम प्रसंग के शक में पति ने पत्नी पर किया चाकू से जानलेवा हमला

संवाददाता

**चतरा :** सदर थाना क्षेत्र के लोवागड़ा गांव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां पति ने अपनी ही पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पत्नी पर दूसरे पुरुष से प्रेम संबंध होने के शक में यह हमला किया गया। घटना शनिवार देर रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। हमले में गंभीर रूप से घायल महिला की पहचान अंजू देवी के रूप में हुई है, जिसे गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके सिर पर गहरे जख्म हैं और डॉक्टरों के अनुसार कुल 11 टांके लगाए गए हैं। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।हमले के बाद आरोपी पति दशरथ दास भी सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिला। पुलिस ने दोनों को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया।पति ने कबूला अपराध, बताया एक साल से था शक। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान होश में आने पर दशरथ दास ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था। उसका दावा है कि उसने एक साल पहले ही पत्नी को चेतावनी दी थी। बावजूद इसके पत्नी के व्यवहार में बदलाव नहीं आया। पति के अनुसार, मोबाइल मेंआपत्तिजनक वीडियो और अन्य साक्ष्य मिलने के बाद उसने यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। फिलहाल दोनों का इलाज जारी है और आगे की कार्रवाई दोनों के बयान और चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी। लोवागड़ा गांव में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। एक ओर जहां लोग पति के इस हिंसक कदम की निंदा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग इसे घरेलू विवाद का गंभीर परिणाम मान रहे हैं।



## दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति की बैठक में कमेटी का गठन

संवाददाता

**रांची :** रातु थाना अंतर्गत दलादली चौक समीप मां भगवती व हनुमान मंदिर परिसर में दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता सुरेश मुंडा व मंच संचालन अभिषेक मिश्रा द्वारा किया गया। उक्त बैठक में दुर्गा पूजा को आकर्षक व भव्य रूप से कैसे मनाया जाए इसको लेकर रातु प्रखण्ड के पूर्व प्रमुख सुरेश मुंडा, समाजसेवी अभिषेक मिश्रा, रामाशीष शर्मा,सुधीर महतो, अशोक दुबे, सुनील कुमार सिंह, सहित अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से चर्चा की। वहीं बैठक में पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। जिसे उपस्थित सभी लोगों ने अपने हाथ खड़े कर समर्थन किया । नई कमेटी में संरक्षकः जनार्दन ओझा, पूर्व रातु प्रमुख सुरेश मुंडा, ललित मुंडा, कमल तिर्की, बबन सिंह, अध्यक्षझ्र सुधीर महतो। उपाध्यक्षः रंजीत राय, उदय सिंह, बबलू भगत, सचित लोहरा, दीपक देवगरिया। सचिवः अभिषेक मिश्रा, उप सचिवझ्र बिरजू मुंडा, प्रदीप कुजुर, बिगनू महली, कोषाध्यक्षः रामाशीष शर्माः सह कोषाध्यक्षःअशोक दुबे, रितेश सिंह, अजय रायः मीडिया प्रभारीः सुनील कुमार सिंह। वहीं स्थानीय स्तर पर हर क्षेत्र से पांच- पांच, दस- दस लोगों को मिलाकर 51 कार्यकारिणी सदस्य के रूप में बनाए गए। बैठक में पदाधिकारीगण, सदस्यगण के अलावे सैकड़ो की संख्या में बुद्धिजीवी गणमान्य माता के भक्त शामिल रहे। जिसमे कमोबेश सभी लोगों ने अपने अपने विचार रखे।



## झारखंड की कानून-व्यवस्था चरमरा गयी है: सुदेश महतो

संवाददाता

**रांची :** ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने बीते रविवार को आरोप लगाया कि राज्य की कानून-व्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि विधानसभा के आगामी मानसून सत्र में वह इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया जाएगा।

महतो ने पार्टी के मिलन समारोह' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीमित दिनों के लिए मानसून सत्र बुलाने पर भी सवाल उठाए। इस कार्यक्रम में कई लोग शामिल हुए। उन्होंने कहा, आगामी मानसून सत्र के लिए हमारा एजेंडा कानून-व्यवस्था की स्थिति पर केंद्रित होगा। भूमि से संबंधित अपराध, भूमि मुआवजा और सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग भी पार्टी के प्रमुख एजेंडे में शामिल होंगे।'' महतो ने कहा, मानसून सत्र बहुत कम अवधि के लिए बुलाया जाएगा। इसके दिनों की संख्या सीमित है। सरकार ने अभी तक खुली बहस के लिए विषय तय नहीं किया है।'' झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 1 अगस्त से शुरू होकर 7 अगस्त तक चलेगा। सत्र में पांच कार्य दिवस होंगे।

अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस्ड हेल्थ क्लिनिक करने के सवाल पर महतो ने कहा,मुख्य मुद्दा यह है कि क्या इन क्लीनिक में लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए दवाएं और डॉक्टर हैं। केवल नाम बदलने से कार्यप्रणाली में बदलाव नहीं आएगा।'' बता दें कि झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा में आजसू पार्टी का केवल एक सदस्य है।



## देलबेडा शिवालय में जलाभिषेक



**मुरी :** आज सुबह से ही आस पास के सैकड़ों श्रद्धालु शिव भक्त ने स्वर्ण रेखा नदी तट पर स्थित देलबेडा शिवालय में जलाभिषेक किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। शिव मंदिर के धंटा को बजाया। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने राम मंदिर,पुराना शिव मंदिर,बड गाछ में सिश झुकाया। प्रत्येक सोमवार को को यहां मेला जैसा दृश्य रहता है।

## जेएलकेएम प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता

**मुरीः** 'झारखंड स्टेट फामेर्सी काउंसिल' के रजिस्ट्रार व अन्य सदस्यों के चयन प्रक्रिया का मामला अब राजभवन तक पहुंच गया है। 'झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा' के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने अपने सात सदस्यीय शिष्ट मंडल के साथ राज्यपाल से मुलाकात की। काउंसिल के मनोनीत व निर्वाचित सदस्यों के चयन प्रक्रिया में धांधली व अनियमितता के साक्ष्यों के साथ विस्तृत जानकारी साझा करते हुए निम्नलिखित मांग की

1) वर्तमान गैरसरकारी औपबंधिक निबंधक सह सचिव (प्रशांत कुमार पांडे) का कार्यकाल 13 अप्रैल 2025 को समाप्त होने के बाद भी पद पर आसीन होकर कई भ्रष्टाचार लिप्त व अनियमितता पूर्ण क्रियाशीलता जारी रखें हैं। अतः इनकी संपूर्ण कार्यकाल के सर्विस रिकॉर्ड का जांच हेतु रक्ळ कमेटी गठित किया जाए। ( चूंकि इनके कार्यकाल में 500 से ज्यादा फार्मासिस्ट का निबंधन कराया गया है, प्रशांत कुमार पांडे बिहार एवं झारखंड दो राज्य के फार्मासिस्ट काउंसिल से निबंधित है। जो की फामेर्सी एक्ट 1948 के धार 32 (2) तथा 42 का उल्लंघन है।)

2) काउंसिल में मनोनीत अध्यक्ष,सचिव व अन्य सदस्यों का चयन सरकारी पद पर आसीन मूल झारखंडी फार्मासिस्ट को ही मनोनीत किया जाए। ताकि भ्रष्टाचार पर लगाम लग सके। ( चूंकि गैर सरकारी एवं गैर फार्मासिस्ट विमलेश दुबे और गैर सरकारी धर्मेंद्र सिंह सहित पांच सदस्यों को मनोनीत करने का प्रक्रियाधीन हैं जो सभी गैर सरकारी हैं )

3) काउंसिल के पूर्व निर्वाचित सदस्यों की निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराया जाए। ( चूंकि निर्वाचन प्रक्रिया में फर्जी तरीके से पत्राचार करने का आरोप है।)



4) आगामी काउंसिल के निर्वाचित सदस्यों की निर्वाचन प्रक्रिया किसी स्वतंत्र आयोग द्वारा प्रत्यक्ष व पारदर्शी तरीके से किया जाए।

5) हमारे राज्य के कई फामेर्सी महाविद्यालय ढउक द्वारा मानक मापदंडों के अनुपालन नहीं होने के बाद भी लगातार काउंसिल के संरक्षण में गलत तरीके से संचालित हो रही है। इसकी जांच किया जाए।

6) निर्वाचित सदस्य धर्मेंद्र सिंह फामेर्सी काउंसिल आफ इंडिया नई दिल्ली के कार्यकारिणी समिति के सदस्य भी हैं। जो फर्जी तरीके से कॉलेजों को मान्यता प्रदत करने के मामले में सीबीआई के द्वारा ऋक्ष्क्ष में आरोपित है।

महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार ने साक्ष्यो के आधार पर उक्त मामले को गंभीरता से समझते हुए कार्रवाई करने का सकारात्मक आश्वासन दिया।

मीडिया वार्ता में श्री महतो ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त क्षेत्रीय अधिकार व आरक्षण के लिए हमारा संगठन कटिबंध है।

बताते चलें की इससे पहले देवेंद्रनाथ महतो ने 17 अप्रैल 2025 को विभागीय अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह से मुलाकात कर विस्तृत जानकारी साझा किया था। एवं 23 जुलाई 2025 को विभागीय व प्रशासनिक सूचनार्थ साथ काउंसिल कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया था। फिर भी सरकार का उदासीन रवैया बरकरार है। जिसकी शिकायत राजभवन के समक्ष आज रविवार को किया गया। महामहिम से मुलाकाती शिष्ट मंडली में देवेंद्रनाथ महतो,आशीष चौधरी, गुलाम सरवर, विनय कुमार, लकी रामु राज, रविंद्र कुमार दीपक एवं पंकज कुमार मौजूद रहे।



## माइनॉरिटी एडवोकेट्स वेलफेयर एंड एजुकेशनल ट्रस्ट की बैठक संपन्न

# पिछड़े व दलितों की शिक्षा और उनके उत्थान पर चर्चा

**संवाददाता**

**रांची :** माइनॉरिटी एडवोकेट्स वेलफेयर एंड एजुकेशनल ट्रस्ट की पहली बैठक अंजुमन इस्लामिया रांची मुसाफिर खाना हाल मे आयोजित हुई । जिसकी सदारत मुमताज अहमद खां ने किया जबकि मीटिंग का संचालन सेक्रेटरी एमडी अरशद ने किया । जिसमे ट्रस्ट को बुलंदिओं तक लेजाने के लिए सभी अधिवक्ताओं ने अपना अपना कीमती विचार रखा और साथ ही साथ माइनॉरिटी एडवोकेट्स के हित में और समाज मे पिछड़े व दलितों की शिक्षा के लिए और उसके उत्थान के लिए गहराई से चर्चा हुई । इस पर बहुत सारे अधिवकताओ ने अपना-अपना विचार रखा साथ ही साथ माइनॉरिटी एडवोकेट्स वेलफेयर एंड एजुकेशनल ट्रस्ट के लिए कई योजनाओं को लागू किया गया । जिससे रांची के सभी माइनॉरिटी एडवोकेट्स वेलफेयर एंड एजुकेशनल ट्रस्ट काफी लाभन्वित होंगे। धन्यवाद ज्ञापन ट्रस्ट के ट्रेजरर एमडी असद ने किया जिसमे मुख्य रूप से सीनियर अधिवक्ता हुमायूँ राशीद, हफिजुद्दीन अंसारी, वाईस प्रेसिडेंट मो,सुल्तान खान सिंगापुरी, जॉइंट सेक्रेटरी मो, गुफरान , अजहर अहमद खान, मोड्ट, शमीम , नदीमुद्दी, मोड्ट, अब्दुल राउफ, वैज रहमान, कमर आलम, प्रवक्ता मोड्टपरवेज आलम नसर इमाम और काफी संख्या में अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया ।

## सावन की तीसरी सोमवारी आज,पहाड़ी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

# हर हर महादेव, जय भोलेनाथ के नारों के साथ लगी आस्था की कतार





**संवाददाता**

रांचीः सावन की तीसरी सोमवारी को लेकर राजधानी रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के सुबह से ही मंदिर की 468 सीढ़ियों पर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष के साथ आस्था की कतारें लग गईं। भक्तों ने गंगाजल, दूध और बेलपत्र के साथ भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना की।

इस बार सावन महीने में कुल चार सोमवारी पड़ रही हैं और आज तीसरी सोमवारी थी। धार्मिक मान्यता है कि सावन की तीसरी सोमवारी का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि इस दिन बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है और भक्तों की सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने विशेष तैयारी की थी। मंदिर परिसर से लेकर सड़क तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मेडिकल टीम, पुलिस बल और स्वच्छता कर्मियों को तैनात किया गया था। महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग लाइन की व्यवस्था की गई थी, वहीं बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए विशेष सुविधा दी गई थी।भक्तों में महिलाओं, पुरुषों, बच्चों, बुजुर्गों के साथ-साथ युवा वर्ग की भी भागीदारी दिखी। कई श्रद्धालु कांवर लेकर मंदिर पहुंचे, तो कई पैदल यात्रा कर भगवान शिव का दर्शन करने आए। इस अवसर पर विशेष पूजन, रुद्राभिषेक और भजन-कीर्तन का आयोजन भी मंदिर परिसर में किया गया।

स्थानीय श्रद्धालु किरन कुमारी ने बताया, हर साल सावन में बाबा की तीसरी सोमवारी पर दर्शन करना हमारी परंपरा है। कहते हैं इस दिन भगवान शिव बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और जो भी सच्चे मन से प्रार्थना करता है, उसकी हर मुराद पूरी होती है।

मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि हर सोमवारी को मंदिर में हजारों भक्त पहुंचते हैं, लेकिन तीसरी सोमवारी पर विशेष भीड़ होती है। इसे लेकर साफ-सफाई, जल व्यवस्था और दर्शन व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त इंतजाम किए गए थे।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर तक पहुंचने वाले मार्गों पर बैरिकेडिंग की गई थी और जगह-जगह पर पानी व प्राथमिक उपचार केंद्र बनाए गए थे। सुरक्षाकर्मियों की निगरानी में दर्शन व्यवस्था शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## रांची गांवों की आत्मा है ग्रामीण बैंक : सीपी सिंह




**रांचीः** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ ने स्थानीय होटल में स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का उदघाटन विधायक सीपी सिंह, महासचिव नितेश कुमार मिश्रा, डॉ कौशिक मल्लिक, एमएल सिंह व ओमप्रकाश उपाध्याय ने किया। मुख्य अतिथि विधायक सीपी सिंह ने कहा कि ग्रामीण बैंक गांवों की आत्मा है। इसकी मजबूती से ही आत्मनिर्भर भारत संभव है। महासचिव नितेश कुमार मिश्रा ने कहा कि यह केवल आयोजन नहीं, आंदोलन की विरासत का उत्सव है। यह स्वर्ण जयंती वर्ष उस संघर्ष की याद दिलाता है, जिसने देश के कोने-कोने में ग्रामीण बैंकिंग की अलख जगायी। दो अक्तूबर, 2024 को क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अपनी स्थापना के 50वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। सर्वसम्मति से सतीश तिग्गा को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ का नया अध्यक्ष चुना गया। पूर्व अध्यक्ष सेवानिवृत्त हो चुके थे और उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। मौके पर कुमार आशुतोष, कुमार गौरव, सीनू कुमारी, सोनम कुमारी, तबीशी प्रिया, रिजवाना फिरदौस, बबीता प्रसाद, पल्लवी, शिखा मिश्रा, सुजीत कुमार, जैकी अहमद खान, रंजीत कुमार, गौतम कुमार, सौरभ कुमार, उज्ज्वल मुखर्जी, पुष्कर पांडेय, मनीष कुमार और सचिन कुमार, रूपेश कुमार, अमन वर्णवाल सहित कई लोग उपस्थित थे। संचालन सतीश तिग्गा ने किया।

## झारखंड हाई कोर्ट ने निर्वाचन पदाधिकारी पर लगाया 5 हजार जुर्माना, बीजेपी प्रत्याशी ने दाखिल की थी याचिका

**रांचीः** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद की अदालत में कांके के कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई।

सुनवाई के बाद अदालत ने रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी पर पांच हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। अदालत ने कहा कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुनवाई में देरी करने के लिए इस तरह का आवेदन दे रहे हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से याचिका दाखिल कर उन्हें इस मामले से अलग करने का आग्रह किया था। सुरेश बैठा के निर्वाचन को भाजपा उम्मीदवार जीतू चरण राम ने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के सुरेश बैठा ने भाजपा के जीतू चरण राम को 968 मतों से पराजित किया था। जीतू चरण राम ने अपनी याचिका में कांके विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की कई बूथ से मतों का पुनः सत्यापन व मतगणना कराने का आग्रह किया है। समय से पहले रोक दिया था मतदानः उनका कहना है कि बहुत सारे बूथ ऐसे थे, जहां निर्धारित समय से पहले मतदान रोक दिया यदि पूरे समय तक मतदान होता, तो वह जीत जाते। बुढ़मू व खलारी के 16 बूथों का इवीएम मुरूपीड़ी में रात में रोक लिया गया था, जबकि 13 नवंबर को ही उसे पंडरा स्थित स्ट्रांग रूम में जमा हो जाना चाहिए था।

## कर्मियों को बंधक बना ग्रिड में डकैती जुड़ते गए तार, एक-एक कर नौ गिरफ्तार



**संवाददाता**

**रांचीः** नामकुम थाना क्षेत्र स्थित ग्रिड सब स्टेशन में डकैती की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। कांड में शामिल 9 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

इनमें दिनेश लोहरा-डोरंडा,राजेश कुमार सिंह -हजारीबाग, शाहिद अंसारी-रामगढ़,ललन कुमार भुइयां-रामगढ़,जितु कुमार सिंह -रामगढ़, फुरकान मल्लिक- पुंदाग, बिरेंद्र बेदिया- रामगढ़,दीपक कुमार सोनी-पुंदाग, जितेंद्र कुमार-बिहटा शामिल हैं।

गिरफ्तार मुख्य अभियुक्त दिनेश लोहरा ने पूछताछ में बताया कि डकैती के कुल 253 किलो तांबा पुंदाग स्थित फुरकान मल्लिक और दीपक सोनी की कबाड़ी दुकान में 750 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेचा गया था। इससे 1 लाख 73 हजार रुपये मिले। इसे सभी आरोपितों में आपस में बांट लिया। बाद में दीपक सोनी ने उक्त तांबा पटना के जितेंद्र कुमार को 4 लाख रुपये में बेच दिया, जो इसे गलाने के लिए फैक्ट्री ले गया। इनके पास से डकैती में प्रयुक्त टेंपो वाहन, कटर मशीन, मोबाइल फोन, डकैती का कीमती सामान और बड़ी मात्रा में कापर स्ट्रिप व अन्य इलेक्ट्रिकल मटेरियल बरामद किया गया है।

घटना के बाद पुलिस उप महानिरीक्षक सह रस्ढ फ्ल्लूँ के निर्देश पर एक एसआइटी का गठन किया गया था। 20 से 25 की संख्या में नकाबपोश डकैत ग्रिड स्टेशन के पीछे से परिसर में पहुंचे थे। ड्यूटी पर तैनात कर्मियों तथा सुरक्षा गार्डों को बंधक बना लिया।

इसके बाद डकैतों ने गोदाम के चारों ताले तोड़कर कापर स्ट्रिप, फ्लेक्सिबल केबल, कनेक्टर, एंगल प्लेट और अन्य लाखों के सामान साथ फरार हो गए। यह सामान राजधानी की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था के लिए बेहद अहम थे।

डकैती केसामान खरीदने वाले दुकानदार भी गिरफ्तारः पुलिस ने इस मामले में दुकानदार फुरकान और दीपक को गिररफ्तार किया है। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है कि दोनों दुकानदारों के द्वारा और भी पहले चोरी के सामान खरीदे गए हैं या नहीं।

गिरफ्तार अपराधियों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। दिनेश लोहरा और जितेंद्र कुमार पर पहले से कई संगीन धाराओं में मामले दर्ज हैं, जिनमें डकैती, चोरी, आर्म्स एक्ट और साजिश हैं। 15 लाख रुपये के सामान ले गए थे डकैतः नामकुम 14 जुलाई की रात हथियारबंद डकैतों ने घटना को अंजाम दिया था। आरोपित अपने साथ 15 लाख रुपये का सामान ले गए थे। घटना के वक्त डकैत कर्मचारियों को बंधक बनाने के बाद समय समय पर दूसरे ग्रिड को अपडेट करा रहे थे।

# अलग-अलग स्थानों से दो युवकों का शव बरामद, हत्या की आशंका



**जमशेदपुरः** शहर के दो अलग-अलग स्थानों से दो युवकों का शव बरामद किया गया है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। परिजनों ने युवकों की हत्या की आशंका जताई है। वहीं पुलिस दोनों मामलों की जांच में जुट गई है।

परसुडीह में स्कूल कैंपस से युवक का शव बरामदः दरअसल, जमशेदपुर के परसुडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सोपोडेरा स्थित कुर्मी टोला आंगनबाड़ी नर्सरी स्कूल के कैंपस से 22 वर्षीय नितेश रजक नामक युवक का शव बरामद किया गया है। उसके शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित किया। घटनास्थल पर युवक के शव के साथ मोबाइल भी बरामद हुआ है। जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कुछ दिनों पहले नितेश के घर वालों ने नशा और चोरी करने के कारण नितेश को घर से निकाल दिया था। जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल परिसर में नशेड़ी का अड्डाबाजी करते हैं। मामले में सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस अलग-अलग बिंदुओं पर घटना की जांच कर रही है। उलीडीह में भी मिला युवक का शवः वहीं दूसरी घटना शहर के मानगो इलाके के उलीडीह थाना क्षेत्र की है। यहां शंकोसाई रोड नंबर 1 के पास दिलीप महतो नामक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक के परिजनों ने इसे सुनियोजित हत्या बताया है। परिजनों का कहना है कि दिलीप रविवार देर रात मंदिर सजाने के नाम पर घर से निकला था, लेकिन सुबह उसका शव बरामद हुआ है। परिजनों ने आशंका जताई है कि दिलीप की पीठ पर भारी वस्तु से प्रहार कर हत्या की गई है। **आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जामः** घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया।जानकारी मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और परिजनों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मामले डीएसपी भोला प्रसाद ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा की दिलीप की मौत कैसे हुई है।

# मानविकी विषयों के शिक्षकों के मार्गदर्शन में हो कुरमाली में पीएचडी : डॉ लंबोदर महतो

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र लिखकर छात्र हित में कुरमाली भाषा में नेट-जेआरएफ पात्रता परीक्षा परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों को मानविकी संकाय (संस्कृत, हिंदी, दर्शन शास्त्र) विषयों के शिक्षक /शिक्षिका के निर्देशन में पीएचडी शोध कार्य करने की अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया है। उन्होंने कुलपति से कहा है कि कुरमाली भाषा साहित्य में नेट- जेआरएफ पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण किए हुए छात्रों को पीएचडी में पंजीकरण करवाने में आ रही विसंगतियों के कारण अनेक छात्रों का भविष्य अंधकार में हो गया है। उन्होंने इसको लेकर कुलपति को लिखे अपने पत्र में कहा कि वर्तमान में झारखंड राज्य में केवल रांची विश्वविद्यालय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में ही कुरमाली भाषा में पीएचडी शोध कार्य संचालित हो रहा है। चूंकि कुरमाली भाषा झारखंड राज्य की क्षेत्रीय भाषा है, इसलिए नेट-जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण छात्र देश के अन्य विश्वविद्यालयों में जाकर कुरमाली भाषा में पीएचडी शोध करने में अक्षम है। वर्तमान में झारखंड राज्य में कुरमाली भाषा के केवल दो ही नियमित शिक्षक हैं, जिसमें से अभी केवल एक ही शिक्षक पीएचडी शोध कार्य कराने के लिए योग्य है, लेकिन उनका भी सीट भर चुका है। उन्होंने कहा कि कुरमाली भाषा में पीएचडी शोध कार्य करने हेतु दर्जनों छात्र यूजीसी नेट-जेआरएफ पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात शोध निर्देशक के अभाव में किंककर्तव्यविमुढ़ की स्थिति में पड़े हुए हैं।



**जब से जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय को मानविकी संकाय से अलग कर दिया गया है तब से कुरमाली भाषा के शोध छात्र मानविकी (संस्कृति और हिंदी) के शोध निर्देशकों के अंतर्गत पीएचडी में पंजीयन करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि पहले संस्कृत और हिंदी विषयों के शिक्षक/ शिक्षिकाओं के शोध निर्देशन में कुरमाली भाषा के छात्र पीएचडी शोध कार्य करते थे, जिससे उनका भविष्य प्रभावित नहीं होता था।**

जब से जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय को मानविकी संकाय से अलग कर दिया गया है तब से कुरमाली भाषा के शोध छात्र मानविकी (संस्कृति और हिंदी) के शोध निर्देशकों के अंतर्गत पीएचडी में पंजीयन करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि पहले संस्कृत और हिंदी विषयों के शिक्षक/ शिक्षिकाओं के शोध निर्देशन में कुरमाली भाषा के छात्र पीएचडी शोध कार्य करते थे, जिससे उनका भविष्य प्रभावित नहीं होता था। कहा कि रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर कुरमाली भाषा विभाग में दो ही नियमित शिक्षक/ शिक्षिका हैं, जिनमें स्नातकोत्तर विभाग अध्यक्ष में डॉ गीता कुमारी सिंह 2026 के फरवरी माह में सेवा निवृत हो रही हैं। दूसरे शिक्षक डॉ तारकेश्वर सिंह मुंडा 2022 में कुरमाली विभाग ज्वाइन किए हैं, इसलिए वो फिलहाल अपने अंतर्गत पीएचडी शौध निर्देशन का कार्य करवाने में असमर्थ है।

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## सौ बार सोचेगा पाकिस्तान

**सेना** प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के कथन से पाकिस्तान को समझ लेना चाहिए कि अब संयम बरत कर सारे षड़ज्त्र झेलना भारत की नियति नहीं है। भारत अब बदल गया है और अपने खिलाफ किसी भी हरकत का मुंहतोड़. जवाब देता है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हमलों ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दिया कि आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा। करगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के लिए एक संदेश था और साथ ही यह पूरे देश को गहरा जख्म देने वाले पहलगाम आतंकवादी हमले का जवाब भी था। इस बार भारत केवल शोक में नहीं डूबा, बल्कि उसने दिखाया कि दिल दुखाने वालों को निर्णायक जवाब मिलेगा। आपरेशन सिंदूर ने एक बात तो साबित कर दी है कि जरूरत पड़ने पर अब इस सोच- विचार में समय खराब नहीं किया जाता कि सेना को सिर्फ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर तक ही सीमित रहना है। अब भारत जरूरत होने पर पाकिस्तान में अंदर तक घुस कर भी आतंकी ठिकानों पर कहर बरपा सकता है और आतंकवाद की पोषक पाकिस्तानी सेना के ठिकानों की भी चूलें हिला सकता है। दुश्मन को कड़ा जवाब देना भारत के लिए अब सामान्य बात है। भारत की एकता,अखंड़ता और संप्रभुता को चुनौती देने या लोगों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने पर ऐसा ही जवाब दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना ने निदोर्षों को कोई नुकसान पहुंचाए बिना पाकिस्तान में नौ महत्वपूर्ण आतंकवादी ढांचों को नष्ट किया। आतंकियों के बचाव में भारत की कार्रवाई रोकने के लिए पाकिस्तान के आक्रामक प्रयासों को सेना ने विफल किया। भारत ने शांति का मौका दिया लेकिन पाकिस्तान ने कायरता दिखाई। आठ- नौ मई को पाकिस्तानी कार्रवाई का ऐसा जवाब दिया गया जिसे पाक कभी भूल नहीं पाएगा। हमारी सेना की वायु रक्षा एक अभेद्य दीवार की तरह खड़ी रही जिसे पाकिस्तान की कोई भी मिसाइल या ड्रोन भेद नहीं सका। अब भारत रुद्र ब्रिगेड़ की स्थापना करने जा रहा है। इसके तहत एक ही स्थान पर पैदल सेना,मशीनीकृत पैदल सेना, बख्तरबंद इकाइयां,तोपखाना, विशेष बल और मानवरहित हवाई इकाइयां होंगी जो साजोसामान और युद्ध संबंधी सहायता प्रदान करेंगी। सेना ने विशेष बल भैरव लाइट कमांड़ो इकाई का भी गठन किया है जो दुश्मन से निपटने को हमेशा तैयार रहेगी। अब पाकिस्तान की परमाणु शक्ति होने की धौंस नहीं चलने वाली।

## बंद होना सही कदम

**सूचना** एवं प्रसारण मंत्रालय ने कथित तौर पर अश्लील, अभद्र व पोर्नोग्राफिक सामग्री उपलब्ध कराने वाले तकरीबन पच्चीस ओटीटी प्लेटफार्म्स की बेवसाइटों व ऐप्स को ब्लॉक करने का निर्देश दिया है। यह कदम गृह मंत्रालय, महिला व बाल विकास मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना- प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विधि-मामलों के विभाग, फिक्की व सीआईआई जैसे उद्योग निकायों समेत महिला व बाल अधिकार क्षेत्र के विशेषज्ञों से परामर्श के बाद उठाया गया है। बताया जा रहा है कि छब्बीस वेबसाइट्स के साथ गूगल प्लेस्टोर में पर नौ व एपल प्लेस्टोर पर पांच यानी चौदह ऐप्स को ब्लॉक किया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 और आईटी नियम 2021 के प्रावधानों के अनुरूप विभिन्न मध्यस्थों को अधिसूचना जारी की गई है ताकि इसे सुनिश्चित किया जा सके। आरोप हैं कि इसमें नग्नता, यौन इशारे, अश्लील दृश्यों के लंबे अंश शामिल थे। अनुचित संदर्भों में नग्नता, यौन संबंधों का चित्रण,अश्लील सामग्री भारतीय न्याय संहिता व सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है जिनकी शिकायतें राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण ओयाग को प्राप्त हो रही थीं। इनमें उल्लू व अल्ट के चिन्हित संदर्भ भी प्राप्त किए गए। इसी साल मार्च में ओटीटी प्लेटफार्मों के लिए सरकार द्वारा अश्लीलता से संबंधित कानूनों के तहत निर्धारित आचार संहिता भी जारी की जा चुकी है। बीते साल इन्हें न केवल चेताया गया था, बल्कि पांच प्लेटफार्मों को प्रतिबंधित भी किया गया था परंतु उन सबने नये वेबसाइट ड़ोमन पर पुनःप्रसारण चालू कर लिया। यह भी पाया गया कि आपत्तिजनक दृश्य या वेब- सीरीज अल्पकाल के लिए हटा लिए जाते हैं पर उन्हें चेतावनी के साथ पुनः प्रकाशित किया जाता है। बीते साल देश में अकेले एक ऐप के गूगल प्लेस्टोर से एक करोड़. से ज्यादा व दो ऐप पचास- पचास लाख डाउनलोड़ मिलने के बाद से इस चिंता का इजाफा हुआ है कि इंटरनेट का प्रयोग करने वालों में अश्लील सामग्री के प्रति लोलुपता बढ़ती जा रही है। बेशक, पोनोंग्राफी देखने वाले भारतीयों की संख्या में सालों साल इजाफा होता जा रहा है मगर एड़ल्ट कंटेंट दिखाने वालों को यौन सामग्री प्रदर्शित करने की खुली छूट नहीं दी जा सकती। हमारी संस्कृति अनुपयुक्त खुलेपन की आदी नहीं है। इसलिए स्व नियामक आवश्यक हैं।

# विवादास्पद राज्यपाल व उपराष्ट्रपति धनखड़

> उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति के रूप में धनखड़ का विपक्षी दलों के साथ रिश्ता हमेशा तनावपूर्ण रहा। विपक्ष ने उन पर पक्षपात और सरकार के पक्ष में बोलने का आरोप लगाया। राज्यसभा अध्यक्ष के रूप में धनखड़ पर पक्षपात के आरोप लगे। विपक्षी इंडिया गठबंधन ने आरोप लगाया कि धनखड़ ने राज्यसभा की कार्यवाही में पक्षपात किया और भाजपा सदस्यों को प्राथमिकता दी जबकि विपक्ष की आवाज को दबाया। विपक्ष ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए उपराष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला कदम करार दिया था। देश में ऐसा पहली बार हुआ जब विपक्षी दलों ने राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। हालांकि इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिल सकी।

**योगेंद्र योगी**

**कार्यकाल** समाप्ति से दो साल पहले उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने वाले जगदीप धनखड़ का कार्यकाल सर्वाधिक विवादों से भरा रहा है। देश में इतने विवाद उपराष्ट्रपति और राज्यपाल पद पर रहते हुए किसी के साथ नहीं जुड़े, जितने धनखड़ के नाम दर्ज हैं। इस पद पर रहते हुए धनखड़ पर कई तरीके के आरोप लगे। उपराष्ट्रपति पद से पहले पश्चिम बंगाल में राज्यपाल रहते हुए भी धनखड़ विवादों से घिरे रहे। केंद्र की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ सख्त रवैया अपनाने वाले धनखड़ को ईनाम के तौर पर उपराष्ट्रपति पद से नवाजा था। इसके बावजूद कि धनखड़ का न तो भारतीय जनता पार्टी और न ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से कभी गहरा सरोकार रहा। जगदीप धनखड़ 2019 से 2022 तक पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे। इस दौरान उनका हमेशा सीएम ममता बनर्जी से टकराव बना रहा। धनखड़ ने कई बार सीएम ममता बनर्जी और उनकी सरकार की आलोचना की। धनखड़ ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और शासन की विफलता के आरोप लगाए। उनके इस रुख को विपक्ष ने पक्षपातपूर्ण माना, क्योंकि एक संवैधानिक पद पर रहते हुए उनकी टिप्पणियां सरकार के खिलाफ थीं।

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति के रूप में धनखड़ का विपक्षी दलों के साथ रिश्ता हमेशा तनावपूर्ण रहा। विपक्ष ने उन पर पक्षपात और सरकार के पक्ष में बोलने का आरोप लगाया। राज्यसभा अध्यक्ष के रूप में धनखड़ पर पक्षपात के आरोप लगे। विपक्षी इंडिया गठबंधन ने आरोप लगाया कि धनखड़ ने राज्यसभा की कार्यवाही में पक्षपात किया और भाजपा सदस्यों को प्राथमिकता दी जबकि विपक्ष की आवाज को दबाया। विपक्ष ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए उपराष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला कदम करार दिया था। देश में ऐसा पहली बार हुआ जब विपक्षी दलों ने राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। हालांकि इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिल सकी। विपक्षी दलों में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, समाजवादी पार्टी और वाम दलों के 60 से ज्यादा सांसदों ने संविधान के अनुच्छेद 67(ब) के तहत धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। प्रस्ताव में उन्हें सरकार का प्रवक्ता कहा गया और निष्पक्षता की गंभीर कमी बताई गई। जनवरी 2023 में धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट की मूल संरचना सिद्धांत के पुनरावृत्ति के संदर्भ में बयान दिया था, जिसे लेकर विवाद खड़ा हो गया था। उन्होंने कहा था कि संसद के बनाए कानूनों को अगर अदालत रोक देती है तो यह लोकतंत्र के लिए खतरा होगा। विपक्ष ने उपराष्ट्रपति के बयान पर केंद्र सरकार पर हमला बोला। विपक्ष ने इसे न्यायपालिका की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप बताया। जस्टिस वर्मा के घर पर कैश बरामदगी मामले में धनखड़ के बयान के बाद भी राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को लेकर बहस छिड़ गई थी। धनखड़ ने कहा था कि यदि सुप्रीम कोर्ट ने इसे रद्द नहीं किया होता तो बात कुछ अलग होती। गौरतलब है कि एनजेएसी को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर किया था। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर 2020 दिसंबर में भी धनखड़ ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश संसद की संप्रभुता से समझौता है और जनादेश का अपमान है। मार्च 2023 में धनखड़ ने शैक्षणिक संस्थानों और छात्र राजनीति पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा था कि कुछ विश्वविद्यालय देश विरोधी विचारधाराओं की शरणस्थली बन चुके हैं।

उपराष्ट्रपति के इस बयान को जेएनयू और कुछ अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों की ओर इशारा माना गया। विपक्षी दल, जैसे सीपीआई और सीपीएम ने उपराष्ट्रपति के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उपराष्ट्रपति की यह भाषा संघी एजेंडे की झलक देती है। छात्र संगठनों ने धनखड़ से बयान वापस लेने की मांग की थी। किसान आंदोलन के दौरान जगदीप धनखड़ ने किसानों की आलोचना की। उन्होंने कहा था कि किसान आंदोलन के नाम पर सडकों पर बैठ कर राष्ट्र को बदनाम कर रहे हैं, वे किसान नहीं हैं। धनखड़ की इस टिप्पणी पर किसान संगठनों और खाप संगठनों ने आपत्ति जताई। अक्टूबर 2024 में उन्होंने सीबीआई और ईडी के समर्थन में बयान दिया था। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा था कि, सीबीआई और ईडी पर सवाल उठाना भारत के न्यायिक तंत्र को कमजोर करता है। उनके इस बयान को विपक्षी दलों ने जांच एजेंसियों की मनमानी कार्रवाई का समर्थन के तौर पर माना। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव 27 मार्च 2025 को लाया गया। इस विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव को धनखड़ ने खारिज कर दिया। अमित शाह ने आरोप लगाया था कि यूपीए शासनकाल में पीएमएनआरएफ (प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष) पर सोनिया गांधी का नियंत्रण था। धनखड़ ने एक प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए इसे सत्यापित बयान बताया। अगस्त 2024 में महिला गरिमा पर बहस के दौरान राज्यसभा में समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने धनखड़ की बोलने की शैली और हाव-भाव पर आपत्ति जताई। बच्चन ने कहा कि उनकी टोन अनुचित है। इसके जवाब में धनखड़ ने कहा कि आप सेलिब्रिटी हो सकते हैं, लेकिन सदन की मयार्दा समझिए। दिसंबर 2023 में उपराष्ट्रपति धनखड़ पर अधिवेशन में विपक्षी सांसदों को रोकने का आरोप लगा था। विपक्षी दलों के नेताओं ने आरोप लगाया कि संसद के शीत सत्र में विपक्षी सांसदों के साथ पक्षपात किया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा था कि यह उपराष्ट्रपति नहीं, भाजपा प्रवक्ता की तरह बर्ताव कर रहे हैं। सभापति धनखड़ ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही का संचालन करते हुए लोकतंत्र को खतरे वाला बयान दिया, जिसे लेकर जमकर विवाद हुआ। उन्होंने कहा था कि कुछ लोग लोकतंत्र को खत्म करने में लगे हैं और उन्हें संसद में नहीं, देशद्रोहियों के कटघरे में होना चाहिए। उपराष्ट्रपति धनखड़ का यह बयान इशारे के तौर पर विपक्ष की संसद में बहिष्कार रणनीति के संदर्भ में दिया गया। कई विपक्षी नेताओं ने असहमति जताते हुए कहा था कि यह लोकतंत्र में असहमति को दबाने की कोशिश है। धनखड़ अपने कार्यकाल के दौरान संवैधानिक संस्थानों और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर अपनी टिप्पणियों के लिए भी चर्चा में रहे। उन्होंने आरएसएस को वैश्विक थिंक टैंक और राष्ट्र निर्माण में निर्विवाद भूमिका वाला संगठन बताया, जिसे विपक्ष ने भाजपा के प्रति उनकी निष्ठा के रूप में बताया। राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विधानसभा चुनाव के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ के बार-बार राजस्थान दौरे को लेकर आपत्ति जताई थी। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा था कि शेखावत साहब भी उपराष्ट्रपति बने थे।

# अब भारत-ब्रिटेन में व्यापार का नया दौर

> ब्रिटेन में न केवल कुशल, पेशेवर श्रमिकों के हितों की रक्षा होगी बल्कि भारतीय सेवा प्रदाताओं को बहुआयामी वित्तीय लाभ भी होंगे। चूंकि भारत और ब्रिटेन पहले ही विश्व के अग्रणी देश हैं और ऐसे में दोनों देश विभिन्न क्षेत्रों में आदर्श साझेदार बन सकते हैं और तमाम ब्रिटिश व भारतीय कारोबारियों को तकनीक और ग्रीनटेक में साथ मिलकर काम करने का मौका मिलेगा। नि :संदेह ब्रिटेन के लिए भारत में करीब 90 फीसदी उत्पादों पर शुल्क में कमी के प्रावधान ब्रिटेन को भी लाभान्वित करेंगे। खासतौर से ब्रिटेन के लिए भारत में व्हिस्की, कार व अन्य उत्पाद निर्यात करना आसान हो जाएंगे।

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

हाल ही में 24 जुलाई को भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर की मौजूदगी में हस्ताक्षर हुए हैं। इसे आधिकारिक तौर पर सीईटीए (व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता) के नाम से जाना जाएगा। यह महत्वपूर्ण है कि भारत में 22 जुलाई को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एफटीए को मंजूरी दे दी है, अब ब्रिटेन के द्वारा संसद की मंजूरी ली जाएगी। पूरी दुनिया की निगाहें इस समझौते पर इसलिए लगी रही, क्योंकि भारत बढ़ते भूराजनीतिक ध्रुवीकरण के बीच अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ भी एफटीए की अंतिम कवायद में लगा है। गौरतलब है कि भारत-ब्रिटेन का यह एफटीए इसी वर्ष दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहे भारत और छठी बड़ी अर्थव्यवस्था ब्रिटेन के बीच न्यायसंगत और महत्त्वाकांक्षी व्यापार के लिए नए मापदंड स्थापित करते हुए दिखाई दे रहा है। भारत का ब्रिटेन के साथ यह अब तक का सबसे व्यापक ऐसा ऐतिहासिक एफटीए है, जो दुनिया के प्रमुख देशों के लिए भारत के साथ तत्परता से मुक्त व्यापार समझौतों की डगर पर आगे बढ़ने की नजीर बनते हुए दिखाई दे रहा है। इस एफटीए से भारत और ब्रिटेन के बीच वर्ष 2030 तक व्यापार दोगुना होकर 120 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह एफटीए भारत और ब्रिटेन दोनों देशों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे दोनों अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार, निवेश, विकास, रोजगार सृजन और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि हाल ही में जब अमेरिका-चीन में नई सुलह के बाद अमेरिका ने चीन के उत्पादों पर आयात शुल्क घटा दिए हैं, तब भारत के द्वारा दुनिया के विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतो की डगर पर तेजी से बढ़ना लाभप्रद दिखाई दे रहा है। उल्लेखनीय है कि इस एफटीए से ब्रिटेन के बाजारों में भारत को लगभग 99 फीसदी उत्पादों पर शून्य टैरिफ का लाभ मिलेगा और भारतीय वस्तुओं के लिए ब्रिटेन के बाजार में चीनी उत्पादों और अन्य देशों के उत्पादों के मुकाबले प्रतिस्पर्धा में मदद मिलेगी। भारत को ब्रिटेन में कई कृषि उत्पादों जैसे फल, सब्जियां, अनाज, हल्दी, काली मिर्च, इलायची तथा प्रसंस्कृत उत्पाद जैसे रेडी-टू-ईट खाद्य, आम का पल्प (मैंगो पल्प), अचार और दालों तक शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। एफटीए उभरते उत्पादों, जैसे कटहल, बाजरा और जैविक जड़ी-बूटियों के लिए नए बाजार तक पहुंच बनाता है, जिससे किसानों को घरेलू मूल्य अस्थिरता के खिलाफ विविधता लाने में मदद मिलेगी है। खास बात यह है कि भारत संवेदनशील क्षेत्रों- डेयरी उत्पाद, सेब, जई और खाद्य तेलों पर कोई टैरिफ रियायत नहीं दे रहा है। एफटीए के टैरिफ उन्मूलन से विशेष रूप से झींगा, टूना, मछली आहार और आहार में तीव्र वृद्धि होने की उम्मीद है। इसी तरह एफटीए के स्वच्छता और पादप स्वच्छता (एसपीएस) उपायों से भारतीय निर्यातकों को आसानी से ब्रिटेन के मानकों को पूरा करने में मदद मिलेगी। एफटीए, मूल्यवर्धित मसालों, चाय और कॉफी उत्पादों, विशेषकर भारतीय इंस्टेंट कॉफी का ब्रिटेन को निर्यात बढ़ाने के लिए एक सशक्त मंच तैयार करेगा। कम टैरिफ और सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं के साथ, भारतीय तिलहन निर्यातक ब्रिटेन के बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं, जिससे संभावित रूप से निर्यात में वृद्धि हो सकती है। वस्त्र व परिधान क्षेत्र के लिए शून्य शुल्क के साथ बाजार पहुंच भारत को बांग्लादेश, पाकिस्तान और कंबोडिया की तुलना में शुल्क संबंधी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि इन देशों को ब्रिटेन के बाजार में शुल्क मुक्त पहुंच प्राप्त थी। मुक्त व्यापार समझौते के तहत भारत से कपड़ा आयात पर शुल्क समाप्त कर दिया गया है, जिससे भारत की प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता बढ़ गई है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि एफटीए के तहत टैरिफ उन्मूलन के साथ, ब्रिटेन को इंजीनियरिंग निर्यात अगले पांच वर्षों में लगभग दोगुना हो सकता है। शून्य-शुल्क पहुंच से इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में तेजी आने की उम्मीद है, साथ ही स्मार्टफोन, ऑप्टिकल फाइबर केबल और इनवर्टर के कारण ब्रिटेन के बाजार में भारत की स्थिति मजबूत होगी। सॉफ्टवेयर और आईटी-सक्षम सेवाओं के लिए ब्रिटेन की महत्वाकांक्षी प्रतिबद्धताएं, नए बाजारों को खोलने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और भारतीय सॉफ्टवेयर फर्मों के लिए निर्यात क्षमता को बढ़ाएगी। एफटीए के तहत शून्य टैरिफ प्रावधानों से ब्रिटेन के बाजार में भारतीय जेनेरिक दवाओं की प्रतिस्पर्धात्मकता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है, जो यूरोप में भारत का सबसे बड़ा दवा निर्यात गंतव्य बना हुआ है। शुल्क मुक्त पहुंच से प्लास्टिक, फिल्म, शीट, पाइप, पैकेजिंग, टेबलवेयर और किचनवेयर के लिए ब्रिटेन की मजबूत मांग का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां भारत ने विनिर्माण क्षमता सिद्ध कर ली है। शुल्क मुक्त पहुंच से भारत को ब्रिटेन के प्रमुख आयात स्त्रोतों जैसे जर्मनी, चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, नीदरलैंड, बेल्जियम और फ्रांस के साथ बेहतर प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलेगी। यह भी उल्लेखनीय है कि एफटीए के साथ ही दोनों देशों ने दोहरे अंशदान समझौते या सामाजिक सुरक्षा समझौते पर भी मुहर लगाई है। इस समझौते से ब्रिटेन में काम करने वाले भारतीय कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा भुगतान से तीन साल की छूट मिलेगी। इस करार से ब्रिटेन में न केवल कुशल, पेशेवर श्रमिकों के हितों की रक्षा होगी बल्कि भारतीय सेवा प्रदाताओं को बहुआयामी वित्तीय लाभ भी होंगे। चूंकि भारत और ब्रिटेन पहले ही विश्व के अग्रणी देश हैं और ऐसे में दोनों देश विभिन्न क्षेत्रों में आदर्श साझेदार बन सकते हैं और तमाम ब्रिटिश व भारतीय कारोबारियों को तकनीक और ग्रीनटेक में साथ मिलकर काम करने का मौका मिलेगा।

## चिंतन-मनन

# परिस्थितियां

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**वन** वृक्ष की जड़ मन के अंदर है। अक्सर बाहर की परिस्थितियां जीवन से मेल नहीं खातीं तब बड़ा दुख होता है। घर में अकेला कमाने वाला हूं मेरी मृत्यु हो गई तो? पशुओं को कोई चुरा ले गया तो? कोई झूठा मुकदमा लग गया तो? इस प्रकार की आशंकाएं कल्पित होती हैं। जितना भय होता है। वास्तव उसका चौथाई भी नहीं आता। हम देखते हैं कि कई धनवान और बलवान अपने घर में डाका पड़ जाने, अपना कत्ल हो जाने की आशंका से रात भर चैन की नींद नहीं लेते। यद्यपि जैसा वे सोचते हैं, वैसी घटना जीवन भर नहीं होती और अपनी इंद्रियों का तो कहना ही क्या? वे यदि काबू में न हों तो हिरन की तरह चौकड़ी मारती हैं। अपने भोगों के लिए उनकी सदा और लाओ और लाओ' की रट लगी रहती है। दैनिक जीवन की ये अवस्थाएं मनुष्य को उलझन में डाल देती हैं। दुख, शोक, तृष्णा, चिंता, भय, क्रोध,लोभ, द्वेष की भावनाएं उसके मस्तिष्क पर अधिकार जमा कर उसे बड़ी दयनीय दशा में असहाय छोड़ देती हैं। वह शांति के लिए प्यासे मृग की तरह चारों ओर दौड़ता है परंतु दृष्टिदोष के कारण सफेद भूमि ही जल दिखाई पड़ती है। दौड़ कर वहां पहुंचता है, परंतु वहां धरा ही क्या था? दौड़ने के श्रम से पहले की अपेक्षा भी अधिक अशांति हो जाती है। धन कमाने के लिए अधर्म करते हैं, इंद्रिय तृप्ति के लिए पाप करते हैं, सुख के लिए मायाचार करते हैं परंतु हाथ कुछ नहीं आता। जितना चाहते हैं। जितनी तृष्णा होती है। उसका शतांश भी प्राप्त नहीं हुआ तो ओस चाटने पर तृप्ति कैसे हो सकती है। एक कामी पुरु ष रातझ्रदिन सैकड़ों सुंदरियों का चिंतन करता रहता है। कितना ही प्रयत्न करने पर भी उसे उतनी स्त्रियां भोग के लिए नहीं मिल सकतीं। यदि नहीं मिलीं तो शांति कहां? संसार के निर्बाधित क्रम के अनुसार जो घटनाएं घटित होती रहती हैं उनसे हम बच नहीं सकते। बेशकक्क मनुष्य बहुत शक्तिशाली है। प्रयत्न करने पर परिस्थितियों को बहुत कुछ अपने अनुकूल कर सकता है, परंतु यह न भूलना चाहिए कि मनुष्य,मनुष्य ही है। घटनाएं संसार के क्रम के साथ हैं, वे होती हैं और होंगी। उनके प्रवाह से भगवान राम और योगिराज कृष्ण तक नहीं बच सके। परिस्थितियों से कोई नहीं बच सकता।

## आपके पत्र

### छात्रों की आत्महत्याएं रोकना व मनोचिकित्सा जरूरी

**शिक्षा** मानव की सोई हुई शक्ति को जगाती है। शिक्षक का सही लक्ष्य मानव बनाने का है। जिस शिक्षा से मानव की मानवता जागृत न हो अथवा पशुता के संस्कार समाप्त न हों, उस शिक्षा का कोई महत्व नहीं। वर्तमान में जो शिक्षा पद्धति है, वह समीचीन नहीं है। आज इस बात की आवश्यकता है कि शिक्षा का, ज्ञान का स्वरूप सम्यक हो एवं वातावरण में व्याप्त अराजकता के उन्मूलन के लिए जागरूकतापूर्वक प्रयास हों।

यह चिंता का विषय है कि छात्र-छात्राएं देशभर में आत्महत्याएं कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर चिंता जताते हुए छात्रों की मनोचिकित्सा के ठोस प्रबंध करने को कहा है। आत्महत्याओं को रोकना होगा और परेशान चल रहे छात्रों की मनोचिकित्सा का प्रबंध करना होगा।

**राकेश सिंह**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## 107900 श्रद्धालुओं ने किया बाबा पर जलाभिषेक



**बासुकीनाथ :** श्रावणी मेला के 17 वें दिन शाम 7 बजे तक 1,07,900 श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ पर जलार्पण किया।सामान्य रुट लाइन से 87,895 ,शीघ्र दर्शनम से 6500 एवं जलार्पण काउंटर से 13505 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। साथ ही शीघ्र दर्शनम से 19,50,000 रुपये स्त्रोत से 10897 रुपए प्राप्त हुए।

## तीसरी सोमवारी पर अहले सुबह से जलार्पण कर रहे हैं श्रद्धालु



**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के तीसरी सोमवारी को लेकर अहले सुबह से चल रहे श्रद्धालुओं के जलार्पण को लेकर मंदिर प्रांगण व आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान बीएड कॉलेज, नेहरू पार्क, शिवराम झा चौक, नेहरू पार्क व बाबा मंदिर आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि जलार्पण हेतु बनाए गए निर्धारित रुटलाइन का अनुपालन सुनिश्चित कराए, ताकि श्रद्धालुओं को सुगम व सुरक्षित जलार्पण कराया जा सके।

## लोगों की भागीदारी और रुचि गंगा के प्रति बड़ी है गंगा घाट के सौंदर्य करण से



**साहिबगंज :** हेल्पिंग हैंड्स संस्था के 19 वें गंगा आरती में बढ़ चढ़कर पहुंचे लोग। यह संस्था प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार के दिन,नमामि गंगे घाट, साहिबगंज में,स्वच्छता पखवाड़ा के पश्चात अपने ही हाथों से गंगा आरती आयोजित करती है।कार्यक्रम के माध्यम से संस्था लोगों में गंगा के किनारे स्वच्छता रखना और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जागरूकता की काम करती है।साथ ही इस मंच को युवाओं के लिए एक प्रेरणात्मक और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी निश्चित करने की प्रयास करती है।हाल ही में नमामि गंगे घाट के सौंदर्य करण के साथ पूरे घाट पर चित्रकारी की गई जिसकी सुंदरता को देखकर सभी लोग प्रसन्न हुए।संस्था का मानना है कि उनके प्रयासों से लोगों की भागीदारी और रुचि गंगा के प्रति बड़ी है जिससे सरकारी संस्थाओं को भी गंगा घाट व उसके आसपास के क्षेत्र में सौंदर्य कारण स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिली हैं।

## गायत्री शक्तिपीठ में सामूहिक रुद्राभिषेक दो को ग्यारह शिवलिंग स्थापित किए जाएंगे



साहिबगंज :सावन महीने के पावन अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में आगामी 2 अगस्त को महा रुद्राभिषेक समारोह आयोजित किया जाएगा। 200 से अधिक शिव भक्त उसे दिन सामूहिक रुद्राभिषेक करेंगे इसके लिए शक्तिपीठ में ही अस्थाई 11 शिवलिंग स्थापित किए जाएंगे।समारोह की सफलता को लेकर गायत्री परिवार के महिला मंडल की बैठक रविवार को गायत्री शक्तिपीठ में संपन्न हुई।गायत्री प्रबंधन समिति के संचालन प्रभारी सरिता पोद्दार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि हर साल की तरह इस बार भी सावन के पवित्र महीने में 2 अगस्त शनिवार को धूमधाम से महा रुद्राभिषेक किया जाएगा।सबों के सुख शांति एवं समृद्धि की मंगल कामना के साथ इसमें शहर के 200 से अधिक शिव भक्त शामिल होंगे.जिनका पूर्व पंजीयन कराया जा रहा है। उसे दिन गायत्री शक्तिपीठ में ही रुद्राभिषेक के पश्चात सामूहिक महाप्रसाद की भी व्यवस्था की गई है।महिला मंडल की बैठक में सुमन भारती,वंदना देवी,रेखा देवी,अनु गुप्ता,निभा देवी,मधु कुमारी, अनिता देवी,करुणामई भारती,किरण देवी आदि मौजूद थीं।

## पांच प्रखंडों में खराब पड़ा वर्षा मापक यंत्र

मेदिनीनगर : पलामू जिले के पिपरा प्रखंड में पिछले तीन साल से वर्षा मापक यंत्र खराब है जबकि पूरे प्रखंड की आबादी खेती पर ही आश्रित है। दूसरी तरह पिछले एक साल से अन्य प्रखंडों यथा मेदिनीनगर सदर, मनातू, पांडू और हैदरनगर का वर्षा मापक यंत्र खराब है।

# अपने कार्यों को ईमानदारी और संवेदनशीलता से करना होगा : सतीश चंद्रा

संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला प्रशासन साहिबगंज द्वारा सिदो-कान्हू सभागार में नवनियुक्त चौकीदारों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त सतीष चंद्रा ने की कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले के नवनियुक्त चौकीदारों को उनके कर्तव्यों, अधिकारों प्रशासनिक संरचना में भूमिका, और विधि व्यवस्था से जुड़े दायित्वों की व्यापक जानकारी प्रदान करना था। यह कार्यक्रम चौकीदारों को पारंपरिक भूमिका से आगे बढ़ाकर एक मल्टीटास्किंग, तकनीकी रूप से दक्ष सहयोगी के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।प्रशासन की नई अपेक्षाएँ चौकीदार अब बनेंगे तकनीकी सहयोगी उप विकास आयुक्त श्री सतीष चंद्रा ने चौकीदारों को संबोधित करते हुए कहा जिला प्रशासन ने शिक्षित और तकनीकी समझ रखने वाले चौकीदारों की नियुक्ति की है। अब चौकीदार सिर्फ चौकीदारी नहीं करेगा, बल्कि कंप्यूटर संचालन, सूचना संग्रहण, रिपोर्टिंग और प्रशासनिक आदेशों के अनुपालन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। चौकीदारों से मल्टीटास्किंग कार्य लिया जाएगा। वे



शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में भी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।उन्होंने चौकीदारों को प्रशासन की ₹आँख और कान बताते हुए जिम्मेदारियों के प्रति ईमानदारी, सक्रियता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की अपील की।

वरीय पदाधिकारियों का चरणबद्ध संबोधन एवं प्रशिक्षण कार्यशाला में सभी वरीय पदाधिकारियों ने एक-एक कर मंच से नवनियुक्त चौकीदारों को संबोधित किया। उन्होंने अपने-अपने विभागीय अनुभवों को साझा करते हुए चौकीदारों को विधि व्यवस्था, ग्राम सुरक्षा, सूचना रिपोर्टिंग, जनता से संवाद, एवं योजना क्रियान्वयन के लिए उपयोगी दिशानिर्देश दिए।प्रशिक्षण कार्यशाला बताया कि चौकीदारों को अपने थाना एवं पंचायत क्षेत्र से नियमित समन्वय बनाए रखना है।किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित थाना या प्रशासन को देना अनिवार्य होगा।सरकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति की निगरानी करनी होगी।अपने कार्यों को ईमानदारी एवं संवेदनशीलता से करना होगा

कार्यशाला में चौकीदारों को यह भी समझाया गया कि वे गांव की सूचना तंत्र का आधार हैं, इसलिए उनका सजग रहना प्रशासन की त्वरित कार्यवाही के लिए अत्यंत आवश्यक है।प्रशिक्षण के समापन पर चौकीदारों से सीधा संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उन्होंने अपने विचार साझा किए और प्रशिक्षण से संबंधित कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। चौकीदारों ने भरोसा दिलाया कि वे अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ करेंगे।कार्यक्रम का समापन सभी चौकीदारों द्वारा ईमानदारी पूर्वक सेवा की शपथ के साथ हुआ।इस अवसर पर सामान्य शाखा प्रभारी श्रीमती सुनीता किस्कु, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज अमर जॉन ऐन्द, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल सदानंद महतो, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय विजय कुमार कुशवाहा, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी, राज्य कर पदाधिकारी अमीन अंसारी तथा जिले के सभी थाना प्रभारीगण भी उपस्थित रहे।

# श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर मयूराक्षी कला मंच में किया गया ब्रीफिंग



संवाददाता

**बासुकीनाथ :** राजकीय श्रावणी मेला 2025 के तीसरी सोमवारी एवं मंगलवार को श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए आज बासुकीनाथ धाम स्थित मयूराक्षी कला मंच में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा एवं पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार की संयुक्त अध्यक्षता में ब्रीफिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सभी ओपी प्रभारियों से उनके क्षेत्र की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई तथा आ रही समस्याओं की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सतत निगरानी बनाए रखें एवं आवश्यकता अनुसार त्वरित निर्णय लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुचारु दर्शन व्यवस्था जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उपायुक्त ने निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में भीड़ एकत्रित न हो, इसके लिए सभी चेक पॉइंट्स पर विशेष निगरानी रखी जाए। सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने कर्तव्य स्थल पर अलर्ट मोड में रहें तथा किसी भी असामान्य गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई करें।

भीड़ नियंत्रण हेतु बैरिकेडिंग, दिशा-निर्देशक साइनेज, मॉनिटरिंग सिस्टम को सुदृढ़ बनाए रखने एवं नियंत्रण कक्ष के माध्यम से समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया गया। शिवगंगा, रूट लाइन एवं अन्य संवेदनशील स्थलों पर विशेष नजर रखने की बात कही गई। हंसडीहा के रास्ते बड़ी संख्या में डाक बम के आगमन की संभावना को देखते हुए वाहन नियंत्रण पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने सभी सुरक्षा बलों को संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को हर संभव सहयोग दिया जाए ताकि वे बासुकीनाथ से एक सकारात्मक अनुभव लेकर लौटें। उन्होंने श्रद्धालुओं के प्रति सौम्य एवं सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखने पर बल दिया।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, प्रशिक्षु आईएफएस, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी, सभी ओपी प्रभारी, जोनल पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## बालक टीम ने शानदार प्रदर्शन कर सराय केला देवघर रामगढ़ दुमका को किया पराजित



### मैन ऑफ द सीरीज लिटिल चैम्प मुंशी मरांडी को अंतराष्ट्रीय क्रिकेटर सौरव तिवारी ने पुरस्कृत कर हौसला बढ़ाया

संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची द्वारा आयोजित 25 से 27 जुलाई तक राज्य स्तरीय प्रथम लिटिल चैंप फुटबॉल टूनार्मेंट, बीआईटी मेसरा स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के फुटबॉल ग्राउंड ,रांची में भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले की संत जॉन बर्चमन्स मध्य विद्यालय, मुंडली, तीन पहाड़, राजमहल की बालक टीम ने जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए सरायकेला, देवघर, रामगढ़ को पराजित कर सेमीफाइनल में पहुंची ,वहीं उसे गुमला से हार का सामना करना पड़ा किंतु तृतीय स्थान के लिए हुए मैच में पुनः दुमका को पराजित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।ज्ञातब्य हो इस प्रतियोगिता में कुल 24 जिले की टीम भाग ले रही थी।संत जॉन बर्चमन्स मध्य विद्यालय, मुंडली, तीन पहाड़, राजमहल, साहेबगंज के टीम सदस्य साहिल किस्कू, उदय सोरेन, मुंसी मरांडी, सुफल सोरेन, आलोक तिग्गा, ओम प्रकाश बेसरा, सुमित तिर्की, चार्ल्स मुर्मू, कुंजल हेंब्रम, फ्रांसिस मुर्मू, अल्फास टुडू, अविनाश हांसदा टीम कोच विकास किस्कू ,ऑलिव कुसुम बाड़ा टीम,मैनेजर- सुजीत मल्लिक ।विजेता खिलाड़ियों को उपायुक्त श्री हेमंत सती , उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा,जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा नंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ,जे.ओ.ए सदस्य राजेश यादव,कल्याण श्रीवास्तव,संतोष उर्फ टिंकू, कोच योगेश यादव, विद्यालय के प्राचार्य समेत जिले के खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों ,प्रशिक्षको एवं टीम मैनेजर को बधाई दी।

## फरार आरोपी विप्लव घोष के घर पर चिपकाया गया इश्तिहार

संवाददाता

**साहिबगंज :** बरहरवा राजकीय रेल थाना पुलिस द्वारा कांड संख्या 12/25 का मुख्य फरार आरोपी के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया।वहीं इस मामले में थाना प्रभारी रामाशंकर प्रसाद ने बताया कि बरहरवा रेल थाना में जाली नोट मामले में कांड संख्या 12/25 दिनांक 14/4/25 धारा 179,180,318 4, 338, 3(5),61(2)बीएनएस में फरार प्राथमिकी अभियुक्त विप्लव घोष उर्फ विपदा पिताज्ञविश्वनाथ घोष उर्फ विशु घोष ग्राम काशीनगर पोस्ट बनियाग्राम थाना फरक्का जिला मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल के घर पर विधिवत इश्तिहार अभियुक्त के घर के मुख्य द्वार पर चिपकाया गया।इस मौके पर रेल थाना प्रभारी रामाशंकर प्रसाद, एसआई बुद्धेश्वर उरांव,एसआई कृष्ण चन्द्र गगराई,आरक्षी राजेश चौहान मुख्य रूप से मौजूद थे।



# कृषि लॉन सरकार के द्वारा माफ करने के बाबजूद बैंक से किसानों को नोटिस जारी

संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट में रविवार को भारतीय हलधर किसान यूनियन की बैठक लक्ष्मण यादव की अध्यक्षता मे हुई।बैठक में संगठन मजबूती को लेकर चर्चा किया गया।इस दौरान कई किसानों ने बारी बारी से अपनी समस्या को रखा।किसानों ने बताया कि कृषि लॉन सरकार के द्वारा माफ करने के बाबजूद बैंक से किसानों को नोटिस जारी किया जाता है। बैठक मे किसानो ने एक स्वर मे कहा बैंक नोटिस भेजना बंद करें।वही बैठक मे सर्व सहमति से प्रस्ताव पारित कर किसानों ने सरकार से मांग किया है कि जमीन का लगान रशीद काटना बंद हैं इसे सरकार जल्द काटने का काम शुरू करें।प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वर्ष 2018 एवं 2019 का भुगतान की दिशा में अभिलंब कारवाई कर लाभुक किसान को भुगतान करें।वही जिला अध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री फसल बीमा योजना राशि वर्ष 2021 से 2024 तक किसानों को आज तक भुगतान नहीं किया गया है,तो जांचोपरांत भुगतान किया जाय।श्री यादव ने कहा कि वर्तमान में दियरा क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है किसानों को बाढ़ से बचाव के लिए राहत देते हुए पशुओं को चारा की व्यवस्था सुनिश्चित करें।बाढ़ प्रभावित किसान परिवारों को रिलीफ व अनुदान प्रदान करें।वही मिडिया प्रभारी बच्चन कुमार पाठक ने कहा कि बाढ़ से बदई फसल का नुकसान हुआ है सरकार इसका फसल बीमा शीघ्र कराने का निर्णय ले।श्री यादव ने कहा कि किसानों को खेती करने



के लिए केसीसी ब्याज मुक्त राशि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।वही किसान अजय कुमार यादव ने किसानों के यूनियन की मजबूती पर काम करने की बात कही।श्री यादव ने कहा कि किसान अन्नदाता है परंतु इनकी स्थिति पर सरकार की योजना नहीं पहुंच पाती है ऐसी स्थिति में पंचायत स्तर पर संगठन विस्तार की बात कही गई।इस पर जिला कमिटी ने अपनी सहमति दी।किसानों की अगली बैठक 24 अगस्त को करने का निर्णय लिया गया।इस मौके पर शंकर प्रसाद यादव,रामाशीष यादव,रामप्रवेश यादव,मन्नू प्रसाद यादव,उमेश कुमार यादव,महेश पांडे,अजय कुमार यादव,विनोद यादव, बच्चन कुमार पाठक,चंद्रमा प्रसाद यादव,रुदल यादव,भरत पांडे,गणेश प्रसाद चौधरी,छोटेलाल चौधरी,शंकर रविदास,दिनेश कुमार ओझा,जवाहर ठाकुर,राम सिहासन यादव,हीरालाल पंडित,चीनू मंडल,बास्की नाथ चौबे,सुरेश मंडल,मनोज कुमार शाह,रामनाथ महतो, ललिता कुमारी,ममता कुमारी,हृदय नारायण सिंह,फुलवंती कुमारी,शिवनाथ महतो,सीताराम मंडल,दामोदर मंडल, चंद्रशेखर सिंह सहित सैकड़ो किसान उपस्थित थे।






# वॉर 2 में कैमियो करेंगी आलिया भट्ट

**बॉलीवुड** अभिनेत्री आलिया भट्ट फिल्म वॉर 2 में कैमियो करती नजर आ सकती हैं। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी आदित्य चोपड़ा निर्मित फिल्म वॉर 2 में ऋतिक रोशन, एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका है। वॉर 2 का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। चर्चा है कि वॉर 2 में आलिया भट्ट भी नजर आ सकती हैं।

कहा जा रहा है कि आलिया इस फिल्म में एजेंट की भूमिका में नजर आने वाली है। आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म वॉर 2 का ट्रेलर शेयर किया और इसके कैप्शन में लिखा, मजेदार। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मेरे नजदीकी सिनेमाघरों में आपसे मिलती हूं। इस पोस्ट के सामने आने के बाद से ही सोशल मीडिया पर कयास लगाए जा रहे हैं कि आलिया भट्ट फिल्म वॉर 2 में कैमियो करती नजर आ सकती हैं। फिल्म 14 अगस्त को हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# मन्नू क्या करेगा से डेब्यू करेगी व्योम और साची की जोड़ी




**व्योम** और साची बिंद्रा की जोड़ी फिल्म मन्नू क्या करेगा से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही है। फिल्म मन्नू क्या करेगा शरद मेहरा द्वारा निर्मित और संजय त्रिपाठी द्वारा निर्देशित है। इस फिल्म के जरिए दो नए चेहरे व्योम और साची बिंद्रा को लांच किया गया है। इस फिल्म में विनय पाठक, कुमुद मिश्रा और चारू शंकर भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म के संगीतकार ललित पंडित हैं।

फिल्म के कुछ गीत जावेद अख्तर ने लिखे हैं। निर्माता शरद मेहरा ने कहा कि यह फिल्म युवा प्यार, गलतियों और दूसरे मौकों का उत्सव है। यह उस जुनून के बारे में है, जो हमें अपनी सबसे गहरी चाहतों के पीछे दौड़ने को मजबूर करता है। व्योम और साची स्क्रीन पर एक दुर्लभ सच्चाई लेकर आते हैं और ललित पंडित के संगीत के साथ मन्नू क्या करेगा? दिल से निकली एक यात्रा बन जाती है। फिल्म मन्नू क्या करेगा का टीजर 30 जुलाई को रिलीज किया जाएगा और जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



## ब्रेकअप के बाद और भी ग्लैमरस हुईं तमन्ना भाटिया एयरपोर्ट पर ओवरसाइड व्हाइट शर्ट में दिखा स्टाइलिश लुक

**एक्ट्रेस** तमन्ना भाटिया इन दिनों अपने लुक को लेकर खासी चर्चा में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस ने खुद को पहले से काफी ज्यादा फिट कर लिया है। हाल ही में तमन्ना भाटिया स्टाइलिश लुक में एयरपोर्ट पर स्पॉट हुई। जहां उन्होंने पैप्स को खूब पोज दिए। लुक की बात करें तो उन्होंने व्हाइट कलर की ओवरसाइड शर्ट के साथ ब्लू जींस पेयर की थी। तमन्ना ने अपना लुक ग्लोसी मेकअप, आंखों पर काला चश्मा और गोल्डन ज्वेलरी के साथ गॉर्जियस बनाया है। चेहरे पर मिलियन डॉलर स्माइल देख हर कोई एक्ट्रेस का दीवाना हो गया।

## बेटी वामिका के बर्थडे से सामने आईं अनुष्का शर्मा-विराट कोहली की नई फोटोज

# कैजुअल लुक में भी दिल जीतता दिखा कपल



**बॉलीवुड** और क्रिकेट जगत के सबसे चर्चित और पसंदीदा कपल, विराट कोहली और अनुष्का शर्मा की हाल ही में कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। इन नई तस्वीरों को देखकर फैंस बेहद उत्साहित हैं। दावा किया जा रहा है कि ये फोटोज कपल की बेटी वामिका की बर्थडे पार्टी की हैं, हालांकि इस बात की अब तक पुष्टि नहीं हुई है, उनकी इन तस्वीरों पर फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं।

वायरल हो रही इन तस्वीरों में विराट और अनुष्का बेहद खुशमिजाज मूड में नजर आ रहे हैं। दोनों को अपने दोस्तों के साथ खुलकर हंसते और पोज देते हुए देखा जा सकता है। अनुष्का और विराट की ये कैंडिड फोटोज फैंस को बेहद पसंद आ रही हैं और तेजी से सोशल मीडिया पर शेयर की जा रही हैं।

तस्वीरों में विराट कोहली ऑफ-व्हाइट लिनेन शर्ट और पैंट में कैजुअल लुक में नजर आ रही हैं। वहीं अनुष्का शर्मा को उनके साथ मैचिंग स्लीवलेस टॉप और शॉर्ट्र्स पहने हुए देखा जा सकता है। उनका यह कैजुअल और स्टाइलिश लुक सोशल मीडिया यूजर्स को काफी पसंद आ रहा है।

इन तस्वीरों को लेकर फैंस में यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि ये वामिका के जन्म के बर्थडे सेलिब्रेशन की झलक हैं। दरअसल, विराट कोहली ने कुछ समय पहले अनुष्का के जन्मदिन पर एक खास तस्वीर शेयर की थी, जिसमें दोनों एक-दूसरे को गले लगाते और हंसते हुए नजर आ रहे थे। खास बात यह रही कि दोनों ने उसी दिन यही कपड़े पहने थे, जो इन नई वायरल तस्वीरों में भी दिख रहे हैं। इससे फैंस के बीच यह विश्वास और मजबूत हो गया कि यह सेलिब्रेशन शायद वामिका के बर्थडे का था। विराट और अनुष्का की यह केमिस्ट्री और फैमिली मोमेंट्स देखकर फैंस भावुक हो गए हैं। सोशल मीडिया पर लोग इस कपल की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर सैयारा का धमाल 200 करोड़ के क्लब में एंट्री



**यशराज फिल्मस (वाईआरएफ)** के बैनर तले बनी फिल्म सैयारा ने भारतीय बाजार में 200 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी और वाईआरएफ के सीईओ अक्षय विधानी निर्मित सैयारा,18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है। इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा की मुख्य भूमिका है। फिल्म सैयारा सिनेमाघरों में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है। अहान और अनीता की रोमांटिक केमिस्ट्री को दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। सैयारा लगातार बॉक्स ऑफिस पर कमाई के नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है।

ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म सैयारा ने पहले सप्ताह में भारतीय बाजार में 172.75 करोड़ की कमाई की थी। वहीं, आठवें दिन फिल्म ने 18 करोड़ का कारोबार किया। अब नौवें दिन का कलेक्शन भी सामने आ गया है। सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के अनुसार फिल्म सितारे सैयारा ने नौवें दिन 26.5 करोड़ रुपए की कमाई की है। इस तरह फिल्म सैयारा ने भारतीय बाजार में 217 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर चुकी है।

# करण कुंद्रा-एल्विश यादव लाफ्टर शेफ सीजन 2 के विजेता




**करण** कुंद्रा और एल्विश यादव कलर्स पर प्रसारित होने वाले कुकिंग रियालिटी शो लाफ्टर शेफ सीजन 2 के विजेता बन गए हैं। लाफ्टर शेफ्स सीजन 2 का फिनाले 27 जुलाई को हुआ। करण कुंद्रा और एल्विश यादव ने इस शो की ट्राफी अपने नाम कर ली। शुरूआत में एल्विश की जोड़ी अब्दू रोजिक संग बनी थी, हालांकि बीच में अब्दू ने शो को छोड़ दिया, जिसके बाद करण की एंट्री हुई थी। करण और एल्विश की जोड़ी ने शानदार परफॉर्म किया और ट्राफी अपने नाम कर ली। भारती सिंह इस शो को होस्ट करती थी और शेफ हरपाल सिंह सोखी इसे जज करते थे। फिनाले एपिसोड में सोनाली बेंद्रे और मुनव्वर फारुकी बतौर गेस्ट बनकर आए थे।

फिनाले एपिसोड में शेफ हरपाल सिंह सोखी ने सारे कंटेस्टेंट को इस सीजन का आखिरी डिश एक मिठाई बनाने के लिए कहा। इसमें करण कुंद्रा और एल्विश यादव ने सबसे अच्छा डिश बनाया। इसके बाद करण कुंद्रा और एल्विश यादव को विजेता घोषित किया गया। अली गोनी और रीम शेख रनर-अप रहे। करण कुंद्रा ने लाफ्टर शेफ्स सीजन 2 जीतने के बाद कहा, सीजन 2 में वापसी करना मेरे लिए बहुत खास अनुभव रहा। इस सेट पर एक ऐसी सहजता थी जिसे शब्दों में बताना मुश्किल है न कोई दबाव, न ज्यादा सोच-विचार, बस लोग सच में काम का मजा ले रहे थे। ऐसा लगा जैसे मैं एक ऐसे परिवार में लौट रहा हूं जिसने मुझे मिस किया हो। एल्विश यादव ने कहा, जब मैंने लाफ्टर शेफ्स जॉइन किया, तो सोचा था बस मस्ती करनी है, हंसी-ठिठोली करनी है और फिर घर लौट जाना है, लेकिन शो ने मुझे अपनी वाइब में खींच लिया। करण से मिलकर ऐसा लगा कि हम पहले से टीम हैं. हमने ज्यादा सोचा नहीं, बस आए, पकाया और इंजॉय किया. मेरे लिए सबसे प्यारा पल वो था जब मेरी मां ने मेरा सफर देखा मेरी गलतियां, मेरी ग्रोथ और मेरी जीत. अब मुझे उन लोगों के लिए बहुत इज्जत है जो रोज किचन में मेहनत करते हैं।

# भारत बनाम इंग्लैंड : जडेजा और वाशिंगटन सुंदर की जोड़ी ने ड्रॉ कराया चौथा टेस्ट




**मैनचेस्टरः** रवींद्र जडेजा (नाबाद 107) और वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 101) के जुझारू और साहसिक शतकीय पारियों बदौलत भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के पांचवें दिन चार विकेट पर 425 का स्कोर खड़ा कर मुकाबले को ड्रा करा दिया। चायकाल के बाद बल्लेबाजी करने उतरी जडेजा और वॉशिंगटन सुदंर की जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने शतक पूरे किये। पहले जडेजा ने अपना शतक पूरा किया। जडेजा ने 185 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए ( नाबाद 107) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। 143वें ओवर की आखिरी पर सुंदर दो रन बनाकर अपना शतक पूरा किया। इसके साथ ही दोनों टीमों ने हाथ मिलाकर मैच ड्रा घोषित किया। भारतीय क्रिकेट इतिहास में यह पहली बार है तीन बल्लेबाजो ने दूसरी पारी में शतक जड़ा है। इसे पहले भारत चायकाल तक चार विकेट पर 322 रन बनाकर दूसरी पारी में 11 रन की बढ़त बना ली थी। इंग्लैंड को पहली पारी में 311 रन की बढ़त हासिल थी। भारत ने पिछले सेशन के अंत में जरूर कप्तान शुभमन गिल का एक अहम विकेट गंवाया लेकिन यहां पर इस सेशन में वॉशिंगटन सुंदर ओर रवींद्र जडेजा ने सुनिश्चित किया कि कोई और विकेट ना गिरे और पांचवें विकेट के लिए 100 रनों की नाबाद साझेदारी करके दिखाई। दोनों अर्धशतक लगा चुके हैं और अब देखना होगा कि यह आखिरी सेशन इस मैच का क्या परिणाम निकालता है।

रवींद्र जडेजा ने पहली बार एक टेस्ट सीरीज में 400 से अधिक रन और पांच 50 से अधिक स्कोर बनाया है। जडेजा अब तक 102 गेंदों पर नाबाद 53 रन में पांच चौके लगा चुके हैं जबकि सुंदर ने 139 गेंदों पर नाबाद 57 रन में तीन चौके और एक छक्का लगाया है। इससे पहले भारत ने कल के दो विकेट पर 174 रन से आगे खेलना शुरू किया। सुबह के सत्र में केएल राहुल ने अपने स्कोर में तीन रन जोड़े थे कि इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने उन्हें पगबाधा आउट कर भारत को तीसरा झटका दिया। केएल राहुल ने 230 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 90 रन बनाये। इंग्लैंड को पहले सेशन में दो बहुमूल्य विकेट मिले हैं। केएल राहुल शतक से चूके तो शुभमन गिल ने अपने करियर का नौंवा और सीरीज का चौथा शतक बनाया लेकिन भारत अभी भी मुश्किलों में है। उन्होंने इस सेशन 26 ओवर में 49 रन बनाए हैं, जबकि दो विकेट गंवाए हैं।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये वॉशिंगटन सुंदर ने गिल के साथ संभल कर खेलते हुए धीमी गति से स्कोर को आगे बढ़ाया। इसी दौरान 83वें ओवर की आखिरी गेंद पर शुभमन गिल ने वोक्स की गेंद पर एक रन लेकर अपना शतक पूरा किया। गिल ने इस टेस्ट सीरीज के अपने चौथे शतक के लिये 228 गेंदों का सामना किया। यह शुभमन गिल के टेस्ट करियर का सबसे धीमा शतक है। इसी के साथ गिल सचिन तेंदुलकर के बाद मैनचेस्टर में शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गये। सचिन ने इसी मैदान पर 1991 में शतक जड़ा था। इंग्लैंड की ओर से क्रिस वोक्स ने दो विकेट लिये। बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लेजेंड्स में भारत पाकिस्तान मैच पर शिखर धवन की दोटूक

# पहले भी नहीं खेला, अब भी नहीं खेलूंगा



**एजेंसी/ लंदनः** वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लेजेंड्स 2025 इन दिनों इंग्लैंड की सरमजीं पर खेली जा रही है। इस प्रतियोगिता में पूर्व क्रिकेटर्स दमखम दिखा रहे हैं। हाल ही में इंडिया चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस का मैच रद्द कर दिया गया था। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज धवन ने अब कहा है कि अगर टूनार्मेंट में इंडिया वर्सेस पाकिस्तान सेमीफाइनल होगा, तो वह नहीं खेलेंगे। धवन का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, धवन से रिपोर्टर ने पूछा कि अगर सेमीफाइनल में पाकिस्तान से भिड़ंत होगी तो क्या आप खेलेंगे? धवन ने जवाब में कहा, भाई साहब, यह सवाल आप गलत जगह पर पूछ रहे हो। आपको लगता है कि मैं प्रेशर में आकर बोलूंगा नहीं। आपको यह सवाल नहीं पूछना चाहिए।

लेकिन बता देता हूं कि मैं पहले भी नहीं खेला और अब भी नहीं खेलूंगा। बता दें कि भारत ने अभी तक टूनार्मेंट में तीन मैच खेले हैं और तालिका में सबसे नीचे हैं। टूनार्मेंट में कुल छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। पाकिस्तान सात अंकों के साथ टॉप पर है। पूर्व धाकड़ ऑलराउंडर युवराज सिंह इंडिया चैंपियंस के कप्तान हैं। भारतीय टीम में हरभजन सिंह, इरफान पठान, सुरेश रैना और रॉबिन उथप्पा जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

# फिडे वूमंस वर्ल्ड कप के फाइनल में दूसरा गेम भी ड्रॉ



**एजेंसी/ जॉर्जियाः** फिडे वूमंस वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल का दूसरा गेम भी ड्रॉ हो गया है। इस नतीजे के साथ स्कोर अब 1-1 से बराबर हो गया है और विजेता का फैसला टाई ब्रेकर से होगा। इससे पहले पहला गेम जॉर्जिया के बटुमी में कोनेरू हंपी और दिव्या देशमुख के बीच ड्रॉ रहा था। यह पहली बार है, जब इस टूर्नामेंट के फाइनल में दो भारतीय खिलाड़ी आमने-सामने हैं। दूसरा गेम लगातार चेक की सीरीज के बाद ड्रॉ पर खत्म हुआ।

कोनेरू हंपी, जो इस बार सफेद मोहरों के साथ खेल रही थीं। उन्होंने समय की भारी कमी के बावजूद एंडगेम को संभाल लिया। कोनेरू हंपी और दिव्या देशमुख के बीच मुकाबला अब सोमवार को टाई-ब्रेकर में पहुंच गया है।

**टाई-ब्रेकर फॉर्मेटः** दो रैपिड गेम, प्रत्येक 10 मिनट + हर चाल पर 10 सेकंड की बढ़ोतरी। अगर स्कोर बराबर रहा, तो दो और फास्ट गेम, प्रत्येक पांच मिनट + हर चाल पर तीन सेकंड की बढ़ोतरी। फिर भी बराबरी रही तो, दो ब्लिट्ज गेम, प्रत्येक तीन मिनट + हर चाल पर दो सेकंड की बढ़ोतरी। यदि फिर भी जीत-हार तय नहीं हुई, 3+2 फॉर्मेट में ब्लिट्ज गेम्स चलते रहेंगे, जब तक एक खिलाड़ी की जीत न हो जाए।

# अवसानेश्वर महादेव मंदिर में करंट से तीन की मौत , 30 घायल, पांच गंभीर






**बाराबंकी:** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी के हैदरगढ़ क्षेत्र में स्थित श्री अवसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सोमवार को करंट उतरने से मची भगदड़ में तीन श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई, जबकि 30 से अधिक घायल हो गए जिनमें पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि सावन का तीसरा सोमवार होने के चलते श्रद्धालु प्रातः तीन बजे से मंदिर में जल अभिषेक करने के लिए कतारबद्ध थे कि इस बीच मंदिर के बाहर लगे टीन शेड पर बिजली का तार टूट कर गिर गया जिससे करंट उतर आया और भगदड़ मच गई। उन्होंने बताया कि भगदड़ में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक घायल हो गए जिन्हें तत्काल हैदरगढ़ व त्रिवेदीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां इलाज के दौरान एक और श्रद्धालु की मौत हो गई। पांच लोगों को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय भेजा गया है जहां पर उनकी हालत चिंता जनक बताई जाती है।

घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक मौके में पहुंच गये और राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया गया। स्थानीय नागरिकों के अनुसार बंदर के बिजली के तार पर कूदने से तार टूट गया जिससे टीन शेड में करंट दौड़ गया। मृतकों में एक की पहचान थाना लोनीकटरा क्षेत्र के गांव मुबारकपुरा निवासी प्रशांत (22) के तौर पर की गयी है जबकि एक अन्य श्रद्धालु के शव की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। हादसे के बाद मंदिर परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया जिसे प्रशासनिक अफसरों ने मौके पर पहुंच कर संभाल लिया। घटना के बाद मंदिर में आए लोग नियमित तरीके से दर्शन-पूजा कर रहे हैं। बता दें कि इससे पहले रविवार को हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में करंट आने की झूठी अफवाह फैलने से भगदड़ मच गई थी। इस भगदड़ में करीब 8 लोगों की मौत हो गई जबकि 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

## चेन्नई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले, आपरेशन सिंदूर से पूरे देश में पैदा हुआ नया आत्मविश्वास



**चेन्नई:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को दिखाया कि अगर भारत की संप्रभुता पर हमला हुआ, तो वह किस तरह जवाब देगा और सीमा पार सैन्य कार्रवाई ने पूरे देश में एक नया आत्मविश्वास पैदा किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां चोल सम्राट राजेंद्र चोल के सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह भी साबित कर दिया कि भारत को निशाना बनाने वाले दुश्मनों और आतंकवादियों के लिए कोई जगह सुरक्षित नहीं है। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में कहा कि दुनिया ने देखा कि अगर कोई भारत की सुरक्षा और संप्रभुता पर हमला करता है, तो वह कैसे जवाब देता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया कि भारत के दुश्मनों, आतंकवादियों के लिए कोई पनाहगाह नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश में एक नई जागृति, एक नया आत्मविश्वास पैदा किया है।

दुनिया को भारत की ताकत का एहसास होना चाहिए। मोदी ने कहा कि सम्राट राजराज चोल और उनके पुत्र राजेंद्र चोल-प्रथम के नाम भारत की पहचान और गौरव के पर्याय हैं । उन्होंने घोषणा की कि तमिलनाडु में उनकी भव्य प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी और ये प्रतिमाएं हमारे ऐतिहासिक जागरण के आधुनिक स्तंभ होंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र पर टिप्पणी करते हुए कई लोग ब्रिटेन के मैग्नाकार्टा का जिक्र करते हैं, जबकि चोल कालीन कुडवोलाई प्रणाली उससे भी पुरानी है।

ओम नमः शिवाय सुनते ही रोंगटे खड़े हो जाते हैंः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में महान चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती पर आयोजित समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब वह ओम नमः शिवाय सुनते हैं, तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि एक प्रकार से ये राज राजा की श्रद्धा भूमि है और आज इलैयाराजा ने जिस प्रकार हम सभी को शिवभक्ति में डुबो दिया, क्या अद्भुत वातावरण था। मैं काशी का सांसद हूं, जब मैं ओम नमः शिवाय सुनता हूं तो मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। पीएम मोदी ने रविवार को चोलकालीन भगवान बृहदेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। वैदिक और शैव तिरुमुराई मंत्रोच्चार के बीच उन्हें आराधना करते देखा गया। वह पारंपरिक रूप से सजा हुआ एक कलश साथ लाए, जिसके बारे में बताया जा रहा है है कि उसमें गंगा नदी का जल है। मंदिर के पुजारियों ने पारंपरिक तरीके से पूर्ण कुंभम के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

## सोने की चिड़ियां नहीं, अब शेर बनने का वक्त, आरएसएस प्रमुख भागवत बोले, भारत का शक्तिशाली होना जरूरी



**तिरुवनंतपुरम:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत को अब सोने की चिड़ियां बनने की जरूरत नहीं है, बल्कि अब शेर बनने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, यह जरूरी है क्योंकि दुनिया ताकत को समझती है। इसलिए भारत को शक्तिशाली बनना होगा। उसे आर्थिक दृष्टि से भी समृद्ध बनना होगा। संघ प्रमुख ने यह भी कहा कि भारत एक व्यक्तिवाचक संज्ञा है, जिसका अनुवाद नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने संविधान में वर्णित इंडिया जो कि भारत है के बारे में कहा, यह ठीक है लेकिन भारत, भारत है और इसलिए लिखते या बोलते समय हमें सिर्फ भारत नाम ही इस्तेमाल करना चाहिए। भारत की पहचान का सम्मान इसलिए है क्योंकि यह भारत है।

यदि आप अपनी पहचान ही खो देंगे तो भले ही आपमें अन्य कितने भी अच्छे गुण हों, दुनिया में आपका सम्मान नहीं होगा। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भारतीय शिक्षा की विशेषताओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली सिर्फ ज्ञान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन में दूसरों के लिए जीने और त्याग करने की भावना भी सिखाती है। केरल में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन ज्ञान सभा में लोगों को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो इंसान को कहीं भी अपने दम पर जीने की क्षमता दे। उन्होंने कहा कि शिक्षा का असली उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं होना चाहिए, बल्कि यह ऐसी होनी चाहिए कि व्यक्ति अपने आत्मबल और कौशल के आधार पर जीवन यापन कर सके।

## बिहार में अपराध पर घमासान, चिराग पासवान पर बिफरे तेजस्वी यादव

**पटना:** बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। राज्य में बढ़ते अपराधों के कारण नीतीश सरकार लगातार विपक्ष के निशाने पर है। सिर्फ.विपक्ष ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सहयोगी दल लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के नेता चिराग पासवान भी नीतीश सरकार की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। हाल ही में, होमगार्ड परीक्षा के लिए आई एक महिला के साथ हुए गैंगरेप की घटना को लेकर चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला था। अब, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने चिराग पासवान को आड़े हाथों लिया है। चिराग पासवान के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, 'हम लगातार कहते रहे हैं कि बिहार में कानून-व्यवस्था आपराधिक अराजकता में बदल गई है। अपराधी 'विजय' और 'सम्राट' बन गए हैं। चिराग पासवान इस पर सिर्फ.अफसोस जता रहे हैं, यानी वो मानते हैं कि वो सरकार का हिस्सा हैं, लेकिन अफसोस जताने के अलावा वो कुछ नहीं कर सकते। इससे पता चलता है कि वो एक कमजोर मंत्री हैं, एक कमजोर सहयोगी हैं।' तेजस्वी यादव ने आगे कहा, 'आप इस सरकार में हैं, जिसका एक इंजन भ्रष्टाचार का है और दूसरा अपराध का, और आप सिर्फ.अफसोस जता रहे हैं। आपने क्या कार्रवाई की है? इसका मतलब है कि भ्रष्टाचार चलता रहेगा, लेकिन आप अपनी कुर्सी नहीं छोड़ेंगे।

## त्रिकूट पर्वत पर टला बड़ा हादसा, मां वैष्णो देवी की कृपा से भूस्खलन की चपेट में आने से बचे यात्री



**कटड़ा :** श्री माता वैष्णो देवी के त्रिकूट पर्वत पर शनिवार देर रात एक बड़ा हादसा टल गया। भवन की ओर जाने वाले महत्वपूर्ण बैटरी कार मार्ग पर हिमकोटी क्षेत्र के पास भूस्खलन हो गया, जिससे मार्ग पर बना एक टिन शेड क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि घटना के समय वहां से गुजर रहे श्रद्धालु पूरी तरह सुरक्षित रहे और किसी को कोई चोट नहीं आई। श्राइन बोर्ड ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में मार्ग को साफ कर रविवार सुबह यात्रा के लिए फिर से खोल दिया।

जानकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार देर रात करीब 12:00 बजे हुई, जब बैटरी कार मार्ग पर अचानक पहाड़ी से मलबा आ गिरा। उस समय मार्ग पर श्रद्धालुओं की आवाजाही जारी थी, लेकिन वे इसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। सूचना मिलते ही श्राइन बोर्ड प्रशासन ने तुरंत इस मार्ग पर यात्रा रोक दी और मार्ग को दोनों तरफ से बंद कर दिया।

रात में ही जेसीबी मशीनों और श्राइन बोर्ड के कर्मचारियों ने मलबा हटाने का काम शुरू कर दिया। रविवार सुबह मार्ग का निरीक्षण करने के बाद, करीब 6:00 बजे इसे श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोल दिया गया, जिसके बाद यात्रियों और प्रशासन ने राहत की सांस ली। रविवार को दिनभर मां वैष्णो देवी के त्रिकूट पर्वत पर घने बादल छाए रहे, जिसके कारण कटड़ा से सांझीछत के बीच हेलीकॉप्टर सेवा पूरे दिन स्थगित रही। हालांकि, मौसम की परवाह न करते हुए श्रद्धालुओं का जोश बना रहा और वे पारंपरिक मार्गों से भवन की ओर बढ़ते रहे।

## हरियाणा में सीआरपीएफ जवान की हत्या, घर से बुलाकर मारी गोली, एक महीने की छुट्टी पर आया था



**सोनीपत :** गोहाना के गांव खेड़ी दमकन में रविवार देर रात अज्ञात हमलावरों ने सीआरपीएफ के जवान की गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावर उसे घर से बाहर बुलाकर ले गए और गोली चला दी। परिजन गोली की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे तो जवान लहूलुहान हालत में मिला। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान 35 वर्षीय कृष्ण के रूप में हुई है। वह छत्तीसगढ़ में तैनात था और एक महीने की छुट्टी लेकर घर आया था। मृतक दो बच्चों का पिता था। परिवार में तीन दिन पहले ही एक बच्चे का जन्म हुआ है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि हाल ही में कृष्ण हरिद्वार कांवड़ यात्रा पर गया था, जहां कुछ युवकों से उसका विवाद हुआ था। आशंका है कि उसी रंजिश के चलते यह वारदात हुई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हत्यारों की तलाश के लिए चार टीमें बनाई गई हैं। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

## गूगल और मेटा को पेशी के लिए ईडी ने फिर भेजा समन, नहीं पहुंचे थे इनके प्रतिनिधि




**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स को बढ़ावा देने के मामले में टेक दिग्गज गूगल और मेटा को दोबारा 21 जुलाई को समन भेजा था। इन दोनों टेक कंपनियों के प्रतिनिधियों को 28 जुलाई (सोमवार) को ईडी मुख्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इससे पहले इन दोनों टेक कंपनियों को 21 जुलाई को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन वे पेश नहीं हो पाए थे।

ऐसे में ईडी ने दोनों कंपनियों को दोबारा समन भेज कर 28 जुलाई को पेश होने के लिए कहा। बता दें कि ईडी की जांच उन ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स पर केंद्रित है जो कथित तौर पर अवैध जुए और मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल हैं। इनमें महादेव बेटिंग ऐप और फेयरप्ले आईपीएल जैसे ऐप्स शामिल हैं। ईडी का आरोप है कि गूगल और मेटा ने अपने प्लेटफॉर्म्स पर इन अवैध सट्टेबाजी ऐप्स को विज्ञापनों के जरिए बढ़ावा दिया और इनकी पहुंच को व्यापक बनाने में मदद की। जांच में पाया गया कि ये ऐप्स स्किल-बेस्ड गेमिंग के नाम पर अवैध सट्टेबाजी को बढ़ावा देते हैं। इन प्लेटफॉर्म्स के जरिए करोड़ों रुपये की अवैध कमाई की गई, जिसे हवाला चैनलों के माध्यम से छिपाया गया ताकि जांच से बचा जा सके।

## इजरायल ने गाजा में पहली बार पहुंचाई मदद, आटा, चीनी-रेडीमेड फूड के पैकेट गिराए, भूख से अब तक 124 मौतें



**एजेंसी/ गाजा:** इजरायल ने हमास के खिलाफ जंग के बाद रविवार को पहली बार गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाई है। इजरायली सेना आईडीएफ ने आटा, चीनी, दवाई और डिब्बाबंद खाना गाजा में हवाई मार्ग से पहुंचाया। यह कदम अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर उठाया गया। वहीं, इजरायल ने गाजा के कुछ हिस्सों में सीजफायर और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के लिए सुरक्षित रास्ते बनाने का भी ऐलान किया, ताकि वहां की जनता को मदद पहुंचाई जा सके। मार्च से मई तक इजरायल ने गाजा में बाहरी सहायता पर रोक लगा दी थी। अब इजरायल का कहना है कि वह यूएन की सहायता वितरण में रुकावट नहीं डाल रहा। गाजा में इजरायल-हमास जंग को शुरू हुए 22 महीने हो चुके हैं। अब तक इस लड़ाई की वजह से 124 लोग भूख से मारे गए हैं, जिनमें से 81 बच्चे हैं। जुलाई महीने में ही भूख से 40 लोगों की मौत हुई, जिनमें 16 बच्चे हैं।

इजरायली सेना ने पुष्टि की कि उन्होंने गाजा में एयर रूट से मदद भेजना शुरू कर दिया है। इससे पहले एक इजराइली सुरक्षा अधिकारी ने शुक्रवार को सीएनएन को बताया था कि गाजा में भुखमरी के संकट पर बढ़ती अंतरराष्ट्रीय आलोचना के बीच इजरायल विदेशी देशों को गाजा में एयर रूट से मदद भेजने की इजाजत देगा। अमेरिका में इजराइल के राजदूत येचील लेइटर ने बताया कि इजरायली सेना रविवार से गाजा के लिए ह्यूमेटेरियन कॉरिडोर खोलेगी। इनका मकसद गाजा की आबादी के लिए मानवीय सहायता बढ़ाना है।

लगातार बढ़ रही कुपोषण से मरने वालों की संख्याः गाजा में रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों ने बताया कि वहां 50 ग्राम के बिस्किट के पैकेट की कीमत 750 रुपए है। नकद पैसे निकालने के लिए 45 फीसदी तक कमीशन देना पड़ता है। हालात इतने खराब हैं कि लोग नमक खाकर और पानी पीकर काम चला रहे हैं। दक्षिणी गाजा के नासिर अस्पताल में काम करने वाले एक हेल्थ अधिकारी का कहना है कि कुपोषण से मरने वाले बच्चों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

# मंत्री ने पौधरोपण एवं साईकिल वितरण कार्यक्रम में बच्चों को दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

**संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बसिया मुख्यालय में झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति,जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय बसिया में पौधारोपण एवं साईकिल वितरण कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूली बच्चों द्वारा बैंड के द्वारा राष्ट्रगान की धुन बजाई गयी। इसके बाद कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गान भी प्रस्तुत किये गए।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गुमला जिले ने खेल के क्षेत्र में झारखंड राज्य का नाम नेशनल एवं इंटरनेशनल लेवल पर रोशन किया है और यह उपलब्धि न केवल जिले के लोगों के लिए गर्व की बात है , बल्कि यह झारखंड को राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिष्ठा दिलाने में सहायक रही है। उन्होंने कहा कि जितना आप खेलेंगे, उतना ही आपका बुद्धिमत्ता स्तर बढ़ेगा, क्योंकि खेल बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक होते हैं। स्कूल में खेल के मैदान नहीं होने पर उन्होंने कहा कि भविष्य में यहां खेल के मैदान बनाए जाने की योजना है।

उन्होंने कहा कि दसवीं और बारहवीं के बाद सरकार बच्चों के लिए कोचिंग व्यवस्था शुरू करने जा रही है। और अगस्त माह से रांची में कोचिंग की शुरूआत हो जाएगी। जिससे बच्चे उच्च और उत्तम शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ भी संवाद स्थापित किया और उन्हें अच्छे से शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बच्चों से कहा कि पढाई की ओर रुचि दिखाएं और मेहनत करें। जबतक आप पढ़ाई के लिए मेहनत एवं परिश्रम नहीं करेंगे तब तक आपको सफलता प्राप्त नहीं होगी। इसलिए मन लगाकर पढ़ाई करें और एक सफल कामयाब व्यक्ति बनें। सरकार पढनेवाले छात्रों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए तत्पर है। ताकि हर बच्चा शिक्षा की ओर आकर्षित हो और अपने भविष्य को उज्जवल बना सके। उन्होंने शिक्षकों को विशेष रूप से कहा कि आप शिक्षक हीं विद्यालय की नींव हैं। शिक्षक के मेहनत से ही एक बेहतर विधार्थी तैयार होता है।



पौधारोपण कार्यक्रम के अयोजन पर उन्होंने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं और पेड़ लगाना अत्यंत आवश्यक है। पुरातन काल से कुछ वृक्ष हमारे लिए पूजनीय रहे हैं। पेड़ों से हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है, और वृक्ष का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है। उन्होंने बताया कि आज से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन आरंभ हो रहा है। हर जिले में पौधारोपण किया जायेगा। साईकिल वितरण कार्यक्रम के बारे में उन्होंने कहा कि बच्चों का स्कूल ड्रॉप आउट रोकने के उद्देश्य सरकार साईकिल वितरण कर रही है। ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित ना हो।

इस दौरान विभागीय सचिव कृपानंद झा ने कहा कि राज्य के सभी आवासीय विद्यालयों में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। झारखंड राज्य प्रकृति से भरपुर है। उन्होंने स्कूल की प्रशंसा करते हुए सभी शिक्षक एवं छात्रों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करना हमारा मुख्य उद्देश्य है।

सिसई विधायक जिगा सुसारन होरो ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की प्रसंशा करते हुए कहा कि यहाँ के बच्चे अनुशासन एवं हर क्षेत्र में दक्ष हैं। उन्होंने बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन में आगे बढ़ने की सलाह दी।

कार्यक्रम में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि बरसात के मौसम में पौधारोपण अवश्य करें। उन्होंने कहा कि जब भी वृक्ष लगाएं , तो हमेशा स्थानीय और देशी पौधों का चयन करें, जैसे कल्पतरु और नीम। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करें। शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे हम अपने जीवन की दशा और दिशा को सकारात्मक रूप से बदल सकते हैं।साथ ही साथ उन्होने एकलव्य आवासीय विद्यालय में अस्पताल निर्माण एवं हॉस्टल में विद्युत आपूर्ति शीघ्र सुनिश्चित करने की बात कही।

इस कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्रों द्वारा पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया गया, उक्त विद्यालय से पासआउट स्टूडेंट सुधीर उरांव को बीआईटी, सिंदरी में नामांकन होने पर मंत्री चमरा लिंडा द्वारा सम्मानित किया गया। और उन्हें उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के समापन पर मंत्री चमरा लिंडा द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके बाद स्कूली बच्चों के बीच साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर मंत्री ने स्वयं साइकिल चलाकर उसकी गुणवत्ता का निरीक्षण किया।

इस कार्यक्रम के दौरान उपविकास आयुक्त दिलेश्व महतो, अनुमंडल पदाधिकारी ,जिला कल्याण पदाधिकारी, विद्यालय के प्रधानाचार्य, सभी शिक्षकगण, स्कूली छात्र छात्राएं एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी रहे रवि रंजन मिश्रा सीसीएल रांची के एडवाईजर बने



**बिनय मिश्रा :** भारतीय प्रशासनिक सेवा 2010 बैच के लोकप्रिय एवं कर्मठ आईएएस अधिकारी रहे रवि रंजन मिश्रा ने सीसीएल रांची के भू एवं राजस्व एडवाईजर के रूप में अपना योगदान दिया। श्री मिश्रा झारखंड के उन आईएएस अधिकारियों में शामिल हैं जिनकी उपलब्धि और बेहतर कार्यप्रणाली उनकी पहचान रही है। वे कल्याण विभाग में भी संयुक्त सचिव के रूप में पदस्थापित रहे तत्पश्चात जल संसाधन विभाग के विशेष सचिव के रूप में पदस्थापित रहे इसके अलावा जेपीएससी के सचिव पद पर भी पदस्थापित थे।

बोकारो जिला में उप विकास आयुक्त के रूप में उनके द्वारा किए गए कार्य और जिला को भरपूर गति देने वाले डीडीसी के रूप में आज भी उनकी पहचान है। इनकी कुशल कार्य दक्षता लंबे प्रशासनिक अनुभव के पश्चात सीसीएल रांची ने इन्हें भू एवं राजस्व के एडवाईजर के पदस्थापित किया।

### महादेव साल में उमड़ी भक्तजनों और श्रद्धालुओं की ऐतिहासिक भीड़



**ज्योति पाठक :** चक्रधरपुर अनुमंडल के गोईलकेरा अंतर्गत प्रख्यात भोले नाथ के मंदिर महादेव साल में आज भक्तजनों, श्रद्धालुओं और लोगों की उमड़ी भीड़ । भक्तजनों और श्रद्धालुओं ने काफी संख्या में महादेव साल पहुँच कर बाबा का जलाभिषेक और दर्शन किया। कई सामाजिक संगठनों के द्वारा व्यापक रूप से जनसेवा और भोजन का व्यापक रूप से प्रबंध कर कांवरियों और भक्तजनों और श्रद्धालुओं की सुधि ली। बेहतर सुविधा और कांवरियों तथा श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्था भी काबिले तारीफ रही। बाबा का जलाभिषेक और दर्शन करने वालों के लिए की गई सुगम व्यवस्था से उपस्थित लोग काफी हर्षित दिखाई दिए। श्रावण माह में महादेव साल मंदिर में भक्तों का आवागमन लगातार लगा रहता है ।दूर दराज एवं सुदूर क्षेत्रों के साथ साथ उड़ीसा,बंगाल और झारखंड से भी लोगों का आवागमन होता है।महादेव साल में सामाजिक संगठनों के द्वारा लगाए जाने वाले सेवा शिविर काफी अद्भुत और प्रेरणास्त्रोत हैं। ₹भोले बाबा दूर हैं जाना जरूर है की पंक्ति से कांवरियों और भक्तजनों में उत्साह और ऊर्जा का संचार होता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महादेव साल में भक्तजनों और श्रद्धालुओं की काफी संख्या में भीड़ उमड़ी।भक्तों के जनसैलाब और जयजयकार से पूरा महादेव साल भक्तिमय हो गया।

### वैद्यनाथ धाम बाबा नगरी देवघर में उमड़ी भक्तजनों और श्रद्धालुओं की ऐतिहासिक भीड़

**देवघर :** श्रद्धा, निष्ठा और जन आस्था के लिए विश्व प्रसिद्ध बाबा नगरी देवघर में श्रावण माह में भक्तजनों, श्रद्धालुओं और लोगों की उमड़ी भीड़ । भक्तजनों और श्रद्धालुओं ने काफी संख्या में बाबा नगरी पहुँच कर बाबा का जलाभिषेक और दर्शन किया। बेहतर सुविधा और कांवरियों तथा श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्था भी काबिले तारीफ है। बाबा का जलाभिषेक और दर्शन करने वालों के लिए की गई सुगम व्यवस्था से लोग खुश दिखाई दिए। श्रावण माह में भक्तों का आवागमन लगातार जारी है ।भक्तों के जनसैलाब और जयजयकार से पूरा देवघर भक्तिमय हो गया है।

### सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत

**गुमला :** गुमला जिला स्थित बसिया मोड के समक्ष एक टक और बाइक के बीच में हुई सडक हादसे में दो युवकों की घटनास्थल पर ही हुई दर्दनाक मौत एक गंभीर रूप से घायल, घटनास्थल पर उपस्थित लोगो ने गंभीर रूम से घायल युवक को आनन फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, और उक्त सडक हादसे की सूचना मिलते ही बसिया थाना पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए बसिया पुलिस उक्त घटनास्थल पर पहुँचकर पुछताछ और छानबीन करते हुए, दोनों युवकों के शवों को अपने कब्जे में लेते हुए, उक्त दोनों शवों के पहचानी के लिए उक्त बाइक में सवार तीसरे गंभीर रूप से घायल युवक की स्थिति में सुधार होने का इंतजार कर रही हैं और फिलहाल उक्त दोनों शवों के पोस्टमार्टम हेतु उक्त दोनों शवों को गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेजवाने और उक्त शवों को शवगृह में रखवाने में जूटी,

### गुमला जिले के सभी थाना क्षेत्रों में आयोजित हुआ मासिक थाना दिवस

गुमला : गुमला जिला के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि विवाद, आपसी तनाव तथा थाना स्तर की अन्य समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में आज गुमला जिले के सभी थाना क्षेत्रों में मासिक थाना दिवस का आयोजन किया गया। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निदेर्शानुसार आयोजित इस विशेष अभियान में संबंधित अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, राजस्वकर्मी तथा अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।थाना दिवस का मुख्य उद्देश्य है कि ग्रामीण स्तर पर उत्पन्न भूमि विवाद, आपसी झगड़े, अवैध कब्जा, आम रास्ते के उपयोग से जुड़ी शिकायतें, पारिवारिक बंटवारे को लेकर तनाव, दाखिल-खारिज की गलत प्रक्रिया जैसे मामलों को बिना देरी के स्थानीय स्तर पर ही निष्पादित किया जा सके।

आज के थाना दिवस के दौरान जिलेभर से कुल 115 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें भूमि विवाद, अवैध अतिक्रमण, रास्ते के विवाद, पारिवारिक तनाव, वैवाहिक विवाद, अवांछित गतिविधियों की सूचना जैसे थाना स्तर के विविध मामले शामिल थे। इन 115 मामलों में से 64 मामलों का मौके पर ही आपसी सहमति, साक्ष्य और प्रशासनिक हस्तक्षेप से समाधान किया गया। शेष 51 मामलों में आवश्यक जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिनका निष्पादन निर्धारित समयसीमा के भीतर किया जाएगा।

गुमला थाना से 18 मामले प्राप्त हुए, जिनमें से 12 का समाधान किया गया; रायडीह से 7 में से 3, चैनपुर से 10 में से 5, डुमरी से 12 में से 9, जारी से 3 में से 2, घाघरा से 8 में से 5, विशुनपुर से 12 में से 5, भरनो से 16 में से 4, पालकोट से 7 में से 3, बसिया से 15 में से 10 तथा कामडारा से प्राप्त 7 में से 6 मामलों का त्वरित समाधान किया गया।थाना दिवस के दौरान उपायुक्त द्वारा पूर्व में आयोजित जन शिकायत निवारण दिवस से जुड़े कुछ लंबित मामलों को भी थाना स्तर पर भेजा गया था, जिनमें से कई मामलों पर आवश्यक कार्रवाई की गई।

## नौ माह से पीडीएम दुकानदारों को नहीं मिली है कमीशन विरोध में धरना एक को

**संवाददाता**

**सिमडेगा :** परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम में फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन की बैठक जिलाअध्यक्ष प्रमोद प्रसाद की अध्यक्षता में हुई।बैठक में दुकानदारों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गयी।पीडीएस दुकानदारों को नौ माह से कमीशन की राशि नहीं मिलने पर चिंता व्यक्त की गयी।जिसके विरोध में एक अगस्त को जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना देने का निर्णय लिया गया।

धरना कार्यक्रम में सभी प्रखंड के डिलर एवं एसएचजी ग्रुप भाग लेने का आग्रह किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद ने कहा कि कमीशन की राशि नहीं मिलने के कारण डीलरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डीलर भूखमरी के कगार पर पहुंच गये हैं।सरकार को अतिशीघ्र राशि का भुगतान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना कल में वितरित खाद्यान्न का बकाया राशि भी अब तक नहीं मिला है। वहीं दिसंबर 2024 से अगस्त 2025 का बकाया का भुगतान भी नहीं हुआ है।उन्होंने एक मुश्त राशि भुगतान की व्यवस्था करने की मांग की।साथ ही टू जी नेटवर्क के स्थान पर फोर जी नेटवर्क दिये जाने की भी मांग की।उन्होंने कहा कि ग्रीन कार्ड का वितरण 18 माह से करते आ रहे हैं।किंतु इसका भी भुगतान अब तक नहीं किया जा रहा है। सरकार मुफ्त में राशन वितरण कराना चाहती है. सरकार की रवैये से सभी पीडीएस दुकानदार परेशान हैं। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन के रिपेयरिंग का नाम पर शोषण जारी है।इस पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।उन्होंने पेपर लेस सिस्टम को लागू करने की बात कही. कहा कि राज्य सरकार के संकल्प के के बावजूद नॉमिनी को लाइसेंस हस्तांतरित नहीं किया जा रहा है. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभा के समापन के बाद मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम उपायुक्त को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा जाएगा.धन्यवाद ज्ञापन जिला सचिव मुकेश पांडा ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद, जिला सचिव मुकेश कुमार पांडा, जिला कोषाध्यक्ष मुर्तजा हुसैन, संरक्षक मुक्तिनाथ पाठक, श्यामलाल प्रसाद, गंगा जायसवाल, महावीर गुप्ता, फुलेश्वर प्रधान, राजू साहू, ईश्वर प्रसाद, विरसमनी देवी, नथानियेल मुंडू, श्याम लाल बडाईक, मनोज प्रसाद, रामदयाल प्रसाद, रजनीकांत प्रसाद, भोला साहू के अलावा अलावा अन्य दुकानदार उपस्थित थे।

## बस और ट्रक की टक्कर, एक की मौत, कई घायल

**कोलेबिरा:** सिमडेगा से रांची जा रही मूनलाइट यात्री बस कोलेबिरा घाटी के समीप दो मालवाहक ट्रकों से टकरा गई. इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई और करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए. दुर्घटना की वजह से ठल्-143 पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी जिससे सिमडेगा-रांची मुख्य मार्ग पूरी तरह जाम हो गया. पुलिस प्रशासन द्वार दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर सड़क जाम खत्म किया गया, जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10:45 बजे मूनलाइट बस सिमडेगा से यात्रियों को लेकर रांची की ओर रवाना हुई थी. कोलेबिरा घाटी में ओवरटेक करने के क्रम में बस एक ट्रक से आमने-सामने टकरा गई. उसी समय पीछे से एक अन्य ट्रक की भी टक्कर हो गई. इस दुर्घटना में बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया.ट्रक के साथ हुई बस की टक्कर में बस खलासी रौशन की मौत दुर्घटनास्थल पर ही हो गई. जबकि बस चालकि अनूप बस के क्षतिग्रस्त केबिन में फंस गया. स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला. घायलों में बस का कंडक्टर सुरजीत सिंह, यात्री क्रिस्टीना बा, इसीका डुंगडुंग, कॉर्नेलियस डुंगडुंग और एक बच्ची शामिल हैं. स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है. ८

## गुमला के मत्स्य कृषक ओम प्रकाश साहू के कार्यों की प्रधानमंत्री ने की सराहना

**संवाददाता**

**गुमला :** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्ल में गुमला जिले के मत्स्य कृषक ह्र ओम प्रकाश साहू द्वारा मत्स्य पालन के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की विशेष रूप से सराहना की। यह पूरे जिले के लिए अत्यंत गर्व का विषय है, जिससे न केवल गुमला का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है, बल्कि जिले में जल कृषि के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलावों की भी व्यापक पहचान बनी है।

ओम प्रकाश साहू (ग्राम कुम्हारी, बसिया प्रखंड), जो कभी मुख्यधारा से अलग होकर ठेकेदारी जैसे कार्यों में लगे थे, वर्ष 2024 में झारखंड सरकार से चार तालाबों की बंदोबस्ती लेकर मत्स्य पालन की दिशा में आगे बढ़े। आज वे 40 क्विंटल से अधिक मछली उत्पादन कर 4-5 लाख रुपये सालाना आय अर्जित कर रहे हैं। उनकी पत्नी इन्दुमती देवी को वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत मध्यम आरएएस इकाई का लाभ प्राप्त हुआ है।

गुमला जिले में मत्स्य के क्षेत्र में ज्योति लकड़ा, को भी कुछ दिनों पूर्व राज्य स्तर पर उत्कृष्ट कृषि कार्य के लिए सम्मानित किया गया था। जो बसिया प्रखंड के एक सक्रिय मत्स्य मित्र हैं, मत्स्य पालन को आजीविका का मुख्य आधार बनाकर न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बने हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में कृषकों को प्रशिक्षण, जागरूकता एवं सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य भी कर रहे हैं। वर्ष 2022-23 में उन्हें फिश फीड मिल योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त हुई, जिससे उन्होंने मछली उत्पादन के साथ-साथ फीड प्रबंधन में भी उत्कृष्टता प्राप्त की है। वे 150 से अधिक ग्रामीणों को प्रेरित कर चुके हैं, जिन्होंने मत्स्य पालन को अपनाकर अपनी आजीविका को नया स्वरूप दिया है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी कुसुम लता ने बताया कि वर्ष 2020-21 से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत जिले में अब तक 157 लाभुकों को जोड़ा जा चुका है। जिले में बायो फ्लॉक तालाब, एक्वाकल्चर सिस्टम, ग्रो-आउट तालाब, फिश फीड मिल जैसे नवाचारों को बढ़ावा देकर मत्स्य पालन को लाभकारी व्यवसाय बनाया जा रहा है। अनुसूचित जाति/जनजाति एवं महिला लाभुकों को योजनाओं के अंतर्गत 60 प्रतिशत अनुदान, एवं अन्य को 40 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है।

नारिकेला पंचायत में चरकी देवी, बबीता देवी एवं प्रीति देवी जैसे महिला समूहों द्वारा 16 ग्रो-आउट तालाबों का क्लस्टर तैयार किया गया है, जिससे सामूहिक मत्स्य पालन और महिला सशक्तिकरण को बल मिला है। नारिकेला क्षेत्र में ही विभिन्न योजनाओं से लगभग 150 से अधिक मत्स्य किसान जुड़ कर मत्स्य पालन से जुड़े है ।

जिला मत्स्य पदाधिकारी ने ओम प्रकाश साहू के कार्यों के लिए उन्हें बधाई दी, उन्होंने कहा कि यह जिले के लिए गर्व का विषय है।

उपायुक्त गुमला प्रेरणा दीक्षित ने इस अवसर पर कहा, ह्लप्रधानमंत्री जी द्वारा जिले के किसानों की सराहना होना हमारे लिए अत्यंत गौरव का विषय है। यह दिखाता है कि योजनाओं का सही क्रियान्वयन और स्थानीय स्तर पर प्रतिबद्धता के साथ किया गया कार्य किस प्रकार राष्ट्रीय पहचान बना सकता है। नारिकेला में निरीक्षण के बाद जिले के अन्य प्रखंडों में भी मॉडल फिश फॉर्म की स्थापना की जा रही है।ह्व

मत्स्य पालन के माध्यम से न केवल स्थानीय स्तर पर आजीविका के सशक्त साधन सृजित हो रहे हैं, बल्कि यह कुपोषण उन्मूलन और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी अहम भूमिका निभा रहा है। गुमला जैसे लैंड लॉक राज्य में यह क्षेत्र अब विदेशी मुद्रा अर्जन, स्वरोजगार और ग्रामीण सशक्तिकरण का मजबूत आधार बनता जा रहा है।

## हर हर महादेव और बोल बम के नारों से गूंजायमान हुआ सिमडेगा

**संवाददाता**

**सिमडेगा :** सावन की तीसरी सोमवारी में पूरा सिमडेगा शिवमय हो गया। हर तरफ बस ₹बोल बम और हर हर महादेव₹ के नारे गुंजायमान रहे। कांवरिया सेवा संघ सिमडेगा के तत्वाधान में सोमवार को करीब 5000 कांवरियों ने 75 किमी. दूर वेदव्यास त्रिवेणी संगम नदी से जल उठाकर शिव भजनों में झूमते - नाचते सिमडेगा सरना मंदिर पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

भगवान शिव की भक्ति का यह अद्भुत नजारा सिमडेगा में सोमवार सुबह देखने को मिला। जहां बच्चे, वृद्ध अथवा नवयुवक - युवतियां सभी पड़ोसी राज्य उड़ीसा के त्रिवेणी संगम से जल उठाकर कांवरिया सेवा संघ सिमडेगा के अध्यक्ष प्रसन्न कुमार सिन्हा उर्फ पिंटू की अगुवाई में सिमडेगा पहुंचे। और यहां सरना महादेव का जलाभिषेक किया। वहीं रात्रि विश्राम स्थल टुकूपानी से हजारों



कांवरियां एक साथ सोमवार सुबह भगवा वस्त्र पहने हुए शिव भजनों में झूमते सरना मंदिर तक पहुंचे। तत्पश्चात पूजा अर्चना कर बाबा भोलेनाथ से सुख समृद्धि सहित अन्य मनोकामना पूरी करने की प्रार्थना की। इस दौरान शिवभक्तों ने महादेव को जलार्पण कर उनके प्रिय बिल्व पत्र, सफेद पुष्प, प्रसाद आदि अर्पित किये।

विदित हो कि कांवरियां सेवा संघ सिमडेगा के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय कावड़ यात्रा की विधिवत समाप्ति सोमवार को सरना महादेव को जलार्पण के पश्चात हुई।

कांवड़ यात्रा के दौरान विभिन्न जगहों पर धर्म प्रेमियों द्वारा कांवड़ियों का स्वागत तथा नाश्ता आदि का प्रबंध किया गया। जिसमें उड़ीसा के बीरमित्रापुर में शिव भक्तों द्वारा कांवरियों के लिए रात्रि विश्राम तथा खाना आदि का प्रबंध किया गया। वहीं सिहरजोर में शीतल छाया द्वारा चाय नाश्ता आदि का प्रबंध तथा कांवरिया सेवा संघ सिमडेगा द्वारा जामपानी बाजारटांड़ एवं टुकूपानी गोदाम में खाने व रात्रि विश्राम का प्रबंध किया गया। इसके अलावा भजन संध्या एवं शिव तांडव नृत्य का आयोजन भी रात्रि में किया गया। पूरी रात कांवरियां शिव भजनों में झूमते और नाचते रहे।

रामनवमी प्रबंधक समिति ने किया भव्य स्वागत

शहर की हृदयस्थली महावीर चौक में रामनवमी प्रबंधक समिति महावीर मंडल सिमडेगा के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा की अगुवाई में कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। साथ ही कांवरिया सेवा संघ के अध्यक्ष पिंटू सिन्हा को भगवा अंगवस्त्र और तलवार तथा अन्य लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

मारवाड़ी महिला समूह ने किया प्रसाद वितरण

मारवाड़ी महिला समूह द्वारा सरना मंदिर में कांवड़ियों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान कई धर्मप्रेमी लोग भी मंदिर में कांवरियों की सुविधा के लिए अपनी सेवा देते नजर आये।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कांवरियां सेवा संघ के अध्यक्ष प्रसन्न कुमार सिन्हा, संरक्षक संजय बडालिया,दिनेश कुल्लूकेरिया, पप्पू अग्रवाल, पवन जैन, राजू शर्मा, मुरारी बामलिया, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार बरणवाल, सचिव सत्ते रोहिल्ला, कौशल राज सिंह देव, दीपक अग्रवाल, राकेश जयसवाल, मुन्ना शर्मा, उपेंद्र श्रीवास्तव, अमित अग्रवाल, नरेश शर्मा आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।